वाराणसी शुक्रवार
27 सितम्बर 2024
वर्ष : 1 अंक : 22
मूल्य : 4.00 रुपए
पृष्ठ : 08
Title Code : UPHIN51376

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# उजाला संचार

ujalasanchar376@gmail.com



वाराणसी से प्रकाशित तथा लखनऊ, बरेली, कानपुर, प्रयागराज, चंदौली, सोनभद्र, मिर्जापुर बलिया, जौनपुर, गाजीपुर, मऊ, आजमगढ़, गोरखपुर, भदोही, देवरिया सहित संपूर्ण यूपी, बिहार दिल्ली से प्रसारित

## ढाबा-रेस्टोरेंट पर मालिक की नेम प्लेट जरूरी

### सीसीटीवी, कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन जरूरी



**शेफ-वेटर को मास्क-ग्लव्स पहनना होगा**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मंगलवार, 24 सितंबर से खाने-पीने की दुकानों पर नेमप्लेट यानी दुकानदार का नाम लिखना अनिवार्य हो गया है। उट योगी आदित्यनाथ ने खाद्य विभाग की मीटिंग में यह आदेश दिया। उन्होंने कहा, 'प्रदेश के सभी होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट की गहन जांच और हर कर्मचारी का पुलिस वेरिफिकेशन किया जाए। खाने की चीजों की शुद्धता के लिए खाद्य सुरक्षा अधिनियम में जरूरी बदलाव किए जाएं। नए आदेश के मुताबिक, खान-पान केंद्रों पर संचालक, प्रौपराइटर, मैनेजर का नाम और पता डिस्प्ले करना अनिवार्य होगा। पूरे रेस्टोरेंट में सीसीटीवी लगाने होंगे। कर्मचारियों को मास्क-ग्लव्ज पहनना जरूरी होगा। इससे पहले यूपी सरकार ने कांवड़ रूट की सभी दुकानों पर नेमप्लेट अनिवार्य की थी। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया था। कोर्ट ने योगी सरकार के इस फैसले पर रोक लगा दी थी। मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है।

**1 खाने-पीने की चीजों में यूरिन-थूक मिलाना वीभत्स**

सीएम ने कहा- खाने-पीने की चीजों में यूरिन और थूक मिलाने की घटनाएं देखने को मिली हैं। ये वीभत्स हैं। ऐसा कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस प्रबंध किए जाएं।

**2 दुकानदारों का वेरिफिकेशन किया जाए**

ढाबों और रेस्टोरेंट की जांच की जानी जरूरी है। प्रदेश में अभियान चलाकर कर्मचारियों का वेरिफिकेशन किया जाए। इसे खाद्य सुरक्षा, पुलिस और प्रशासन की टीम जल्द करे। खान-पान की दुकानों पर संचालक, प्रौपराइटर, मैनेजर के नाम और पता डिस्प्ले किया जाए।

**3 रेस्टोरेंट-होटल की हर जगह सीसीटीवी से कवर हो**

रेस्टोरेंट-होटल में सीसीटीवी की व्यवस्था हो। न केवल ग्राहकों के बैठने के स्थान पर, बल्कि पूरा रेस्टोरेंट सीसीटीवी से कवर होना चाहिए। हर होटल संचालक सीसीटीवी की फीड सुरक्षित रखेगा। जरूरत पड़ने पर उपलब्ध कराएगा।

**4 शेफ-वेटर को मास्क और ग्लव्स पहनना जरूरी**

खाने-पीने की दुकानों में साफ-सफाई होनी चाहिए। शेफ और वेटर को मास्क और ग्लव्स पहनना जरूरी है। खाद्य पदार्थों को बनाने, बेचने से जुड़े नियमों को और सख्त किया जाए।

## नौकरी न मिलने से परेशान युवक राजघाट पुल के ऊपर चढ़ा, किया हंगामा, परिजनों ने बचाई जान



**वाराणसी।** आदमपुर थाना अंतर्गत राजघाट के मालवीय पुल पर चढ़कर मंगलवार को एक युवक ने हंगामा कर दिया। सारनाथ के दीनापुर इलाके के रहने वाले नवीन मौर्या के पुल पर चढ़ने की सूचना पर रामनगर और ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन मामला आदमपुर थाने का बताकर वे केवल तमाशबीन बने रहे। जैसे ही परिजन मौके पर पहुंचे, युवक ने अपना सिर पुल के गार्डर पर मारना शुरू कर दिया और बेहोश हो गया। इसके बाद परिजनों ने किसी तरह उसे सुरक्षित नीचे उतारा और घर ले गए।

राजघाट पुल के लोहे के गार्डर पर युवक के चढ़ने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। रामनगर थाने के सूजाबाद चौकी की पुलिस और ट्रैफिक पुलिस उसे नीचे उतरने के लिए कहती रही, लेकिन नवीन ने किसी की नहीं सुनी। जैसे ही परिजन पहुंचे और उसे समझाने लगे, वह और आक्रामक हो गया और अपना सिर गार्डर पर जोर-जोर से मारने लगा।

परिजनों ने जब पुलिस से मदद मांगी, तो पुलिस ने मामला आदमपुर थाने का होने की बात कही, लेकिन आदमपुर की पुलिस मौके पर मौजूद नहीं थी। इसके बाद परिजनों ने खुद ही नवीन को नीचे उतारने का प्रयास किया और उसे सफलतापूर्वक बचा लिया।

नवीन के परिजनों के अनुसार, वह पिछले कई दिनों से डिप्रेशन में था। नवीन के बड़े भाई प्रवीण और गांव के रहने वाले कृष्ण कुमार ने बताया कि नवीन नौकरी की तैयारी कर रहा था, लेकिन लगातार असफलता मिलने के कारण वह मानसिक तनाव में था। उसकी नींद भी कई दिनों से पूरी नहीं हुई थी, और वह बार-बार कहता था कि कब तक भाई से पैसे लेता रहूंगा। फिलहाल, परिजन उसे लेकर घर चले गए हैं और उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

## सपा के पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति को जमानत मिली

**लखनऊ।** लखनऊ हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सपा के पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति को जमानत दे दी है। इस मामले में गायत्री प्रजापति साढ़े तीन साल से जेल में है, जबकि नियमों के तहत कुल सजा 7 साल की है। अधिकतम सजा की आधी अवधि जेल में बिताने के आधार पर कोर्ट ने गायत्री प्रसाद प्रजापति को जमानत दी है। सुनवाई के समय न्यायालय ने पाया कि मनी लॉन्ड्रिंग के मुकदमे का आधार आय से अधिक प्रॉपर्टी है। जिसे वर्ष 2020 में दर्ज किया गया था। चार साल बीत जाने के बाद यूपी विजिलेंस इस्टैब्लिशमेंट मामले में अपनी विवेचना पूरी नहीं कर सका। यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने गायत्री प्रसाद प्रजापति की याचिका पर सुनवाई के बाद पारित किया है।

## बागपत-मेरठ हाईवे पर होटल में थूककर रोटी बनाने का वीडियो वायरल

### होटल संचालक और कर्मचारी पर कार्रवाई की मांग



**बागपत।** बागपत में मेरठ-बागपत हाईवे पर स्थित अग्रवाल मंडी टटीरी में एक होटल का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें एक कर्मचारी तंदूर में रोटी बनाने के दौरान थूकता हुआ नजर आ रहा है। इस वीडियो को देखकर लोगों में आक्रोश फैल गया है। लोगों ने होटल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

वीडियो में 'नरेश चिकन कॉर्नर' नामक होटल के तंदूर पर काम कर रहे एक कर्मचारी की हरकत को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। यह घटना होटल के पास गाड़ी में पहुंचे कुछ लोगों द्वारा रिकॉर्ड की गई। जिन्होंने इस हरकत की जानकारी सार्वजनिक की।

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इस घटना से उनके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। होटल के खाने की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहा है। पुलिस ने इस वीडियो के आधार पर मामले की गंभीरता को समझते हुए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि वे जल्द ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई करेंगे।

स्थानीय लोगों ने होटल के संचालक और कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। यह मामला न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरा है। बल्कि स्थानीय व्यापारियों की प्रतिष्ठा पर भी सवाल खड़ा करता है। पुलिस द्वारा वीडियो की जांच के साथ-साथ होटल के अन्य कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है। उम्मीद की जा रही है कि मामले का समाधान शीघ्र किया जाएगा। वीडियो में 'नरेश चिकन कॉर्नर' नामक होटल के तंदूर पर काम कर रहे एक कर्मचारी की हरकत को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। यह घटना होटल के पास गाड़ी में पहुंचे कुछ लोगों द्वारा रिकॉर्ड की गई। जिन्होंने इस हरकत की जानकारी सार्वजनिक की। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इस घटना से उनके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

## एनआईए ने दबोच लिया लश्कर का आतंकी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 2022 शिवमोग्गा इस्लामिक स्टेट मॉड्यूल साजिश मामले में आरोप पत्र दायर किया है। 1 मार्च के रामेश्वरम कैफे विस्फोट के दो मुख्य आरोपियों अब्दुल मथीन ताहा और मुसाविर हुसैन शाज़िब को आरोपी बनाया गया है। इस महीने की शुरूआत में रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में भी दोनों का नाम अलग से आरोपपत्र में दर्ज किया गया था। शिवमोग्गा (कर्नाटक) आईएसआईएस मामला आईएसआईएस सदस्यों की संदिग्ध गतिविधियों से संबंधित है, जिसे शुरू में सितंबर 2022 में शिवमोग्गा पुलिस द्वारा दर्ज किया गया था और उसी वर्ष नवंबर में एनआईए ने इसे अपने हाथ में ले लिया था। ये दोनों 20 सदस्यीय अल-हिंद आईएसआईएस मॉड्यूल का भी हिस्सा थे, जिसका नेतृत्व बेंगलुरु स्थित महबूब पाशा और कुड्डालोर (तमिलनाडु) स्थित खाजा मोइदीन कर रहे थे।

## प्रोटोकॉल प्रभारी व भाजपा क्षेत्र उपाध्यक्ष किसान मोर्चा काशी क्षेत्र ने लाल बहादुर शास्त्री बाबतपुर एयरपोर्ट पर स्थानीय लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

**वाराणसी।** भाजपा ने गांव-गांव महासदस्यता अभियान शुरू किया है।प्रोटोकॉल प्रभारी भाजपा क्षेत्र उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा काशी क्षेत्र शैलेश पांडेय ने भी लाल बहादुर शास्त्री बाबतपुर एयरपोर्ट व कठिराव मंडल के बसनी बाजार के प्रतिष्ठित व्यवसायी व समाज सेवी विनोद सेठ के साथ स्थानीय लोगों को दिलाई सदस्यता व स्वर्ण व्यवसाइयों सुल्तानपुर में स्वर्ण व्यवसायी के साथ हुई लूट की घटना का सफल अनावरण और मनबढ़ अपराधियों पर हुई कारवाई में सरकार के प्रति प्रकट किया आभार।भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर बृहद सदस्यता अभियान चला रही है। सदस्यता अभियान में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।शैलेश पाण्डेय ने सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया व स्वर्ण व्यवशाइयों ने भाजपा पर जताया भरोसा। शैलेश पाण्डेय हवाई अड्डे पर उपस्थित लोगों से भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 8800002024 पर मिस कॉल कर सदस्य बनने का आग्रह भी किया।इस अवसर पर उपस्थित आईटी से अमित चौबे, अशोक पटेल, ऋषि उपाध्याय, सूरज विश्वकर्मा, भरत सेठ, दीपक सेठ, राजेश दूबे, मंगल, अमन मिश्रा, कार्तिके यादव, शशांक सेठ, दिनेश मिश्रा, सुरेश गिरी, अनिल समेत आदि उपस्थित रहे।



## रद्द तीनों कृषि कानून दोबारा लागू हों: कंगना

**किसान खुद इसकी मांग करें, मोदी सरकार ने 378 दिन चले आंदोलन के बाद वापस लिए थे**



**हरियाणा।** हिमाचल से बीजेपी सांसद कंगना रनोट ने रद्द किए गए 3 कृषि कानूनों को दोबारा लागू करने की मांग की है। कंगना ने कहा कि किसानों को खुद ये कानून लागू करने की मांग करनी चाहिए। नवंबर 2021 में केंद्र सरकार को 14 महीने के बाद किसान आंदोलन के बाद ये कानून वापस लेने पड़े थे। इस बयान के बाद विपक्ष ने कंगना की घेराबंदी शुरू कर दी है। पंजाब से अकाली दल के प्रवक्ता अर्शदीप सिंह कलेर ने कहा कि भाजपा को कंगना को पार्टी से निकालना चाहिए। कंगना पर नेशनल सिक्योरिटी एक्ट लगाया जाना चाहिए।

कृषि कानूनों पर कंगना का बयान 23 सितंबर को सामने आया था। वह मंडी जिले के ख्योड़ में जिला स्तरीय नलवाड़ मेले के समापन समारोह में पहुंची थीं। यहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में 3 कृषि कानूनों पर बयान दिया।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के सत्यापन में कौशांबी ने मारी बाजी

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश में तमाम योजनाओं के माध्यम से गरीबों और वंचितों के जीवन स्तर को ऊपर लाने के लिए काम कर रही है। इसी क्रम में केंद्र सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना को भी प्रदेश में पूरी गंभीरता के साथ संचालित किया जा रहा है। सीएम योगी की मॉनीटिरंग का ही नतीजा है कि योजना का लाभ लेने के लिए प्रदेश के 27 लाख से अधिक लोगों ने आवेदन किया है। इन सभी आवेदन का त्रिस्तरीय सत्यापन कराया जा रहा है। इसके बाद इन सभी का नामांकन सुनिश्चित करते हुए आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण और लोन की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। वहीं प्रथम चरण के बाद द्वितीय चरण के सत्यापन में कौशांबी ने शीर्ष स्थान हासिल किया है।

## हादसों के बीच भारतीय रेलवे ने बनाया रेल रक्षक दल



**अश्विनी वैष्णव बोले- सुरक्षा में होगा बड़ा सुधार**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कवच का विकास 2016 में शुरू हुआ और 2019 तक काफी विकास हुआ, सर्टिफिकेशन हुआ, उसके बाद भी इसमें कई सुधार किए गए, नए वर्जन लाए गए और 16 अगस्त को वर्जन 4.0 को मंजूरी दी गई और इसका पहला इंस्टालेशन सवाई माधोपुर के बीच किया गया है कोटा के लिए।

पूरे भारत में बढ़ती ट्रेन दुर्घटनाओं के बीच, भारतीय रेलवे ने अप्रत्याशित स्थितियों से निपटने के लिए मंगलवार को 'रेल रक्षक दल' नामक एक त्वरित प्रतिक्रिया टीम की स्थापना की। बल की स्थापना उत्तर पश्चिम रेलवे (एनडब्ल्यूआर) क्षेत्र में एक पायलट परियोजना के हिस्से के रूप में की गई है। भारतीय रेलवे के मुताबिक, रेल रक्षक दल दुर्घटनास्थल पर तुरंत पहुंचने में सक्षम है और तेजी से बचाव अभियान चला सकता है।

## ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ की विद्या परिषद (एकेडमिक काउंसिल) का सदस्य बने प्रोफेसर डा आद्या प्रसाद पाण्डेय



**रोहनिया (वाराणसी)।** इण्डियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, मणिपुर केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं अर्थशास्त्र काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं प्रख्यात अर्थशास्त्री प्रो आद्या प्रसाद पाण्डेय को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ की विद्या परिषद (एकेडमिक काउंसिल) का सदस्य बनाया गया है। इस नियुक्ति की सूचना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एन बी सिंह द्वारा विश्व विद्यालय के कुलसचिव डा महेश कुमार के माध्यम से प्रो पाण्डेय को दी गई। प्रो आद्या प्रसाद पाण्डेय ने अपनी नियुक्ति पर विश्वविद्यालय के कुलपति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं निष्ठा पूर्वक विश्वविद्यालय के विद्या परिषद के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान करूंगा।

## बनारस रेलवे स्टेशन पर खुला पूर्वोत्तर रेलवे का पहला 'रेल गांव'

### ट्रेन के इंतजार में बच्चे ले सकेंगे खेल-कूद का आनंद

**उजाला संचार**

**वाराणसीः** भारतीय रेलवे यात्रयों की सुविधाओं को लेकर हमेशा प्रयासरत रहती है. जिसके मद्देनजर अब बनारस रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों और उनके बच्चों के लिए एक शानदार सुविधा शुरू की गई है. स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार पर स्थित सकुर्लेटिंग एरिया में पूर्वोत्तर रेलवे ने अपने पहले किड्स जोन ऱरेल गांवऱ की शुरूआत की है।




इस किड्स जोन में बच्चों के मनोरंजन के लिए ट्वाय ट्रेन, मिक्की माउस और जंपिंग जैसी कई सुविधाएं मामूली शुल्क पर उपलब्ध हैं।

डीआरएम वीके श्रीवास्तव ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों और उनके परिवारों को यात्रा के दौरान मनोरंजन कराना है, ताकि ट्रेन की प्रतीक्षा के दौरान बच्चे बोरियत महसूस न करें. अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बनारस स्टेशन को सिटी सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है. साथ ही, यहां 'मील ऑन व्हील' सुविधा भी शुरू की गई है, जिससे बच्चों को उनकी पसंद के व्यंजन आसानी से मिल सकें।

**ककरमत्ता में जल्द तैयार होगा गेमिंग जोन**

इसके अलावा, ककरमत्ता फ्लाईओवर के नीचे बन रहे गेमिंग जोन का काम जल्द ही पूरा होगा, जहां बच्चों के लिए शतरंज, कैरम बोर्ड और टेबल टेनिस जैसी सुविधाएं होंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सच्चे राष्ट्र भक्त थे पंडित दीनदयाल

**सूरजपुर, मऊ।** दोहरीघाट ब्लॉक के अंतर्गत दरगाह मंडल के जजैली चकउथ सूरजपुर रसूलपुर में जनसंघ के संस्थापक रहे पंडित



दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकताओं ने प्रत्येक बूथ सहित मण्डल के विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पं. दीनदयाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा के मनोज मेघवाल ने कहा उन्हें निस्वार्थ सेवा का प्रतीक बताया और कहा कि वह एक सच्चे देशभक्त, गहन विचारक और निस्वार्थ सेवा के प्रतीक थे। पंडित के एकात्म मानवतावाद और अंत्योदय के सिद्धांतों ने कई लोगों को देश तथा वंचितों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उनका संपूर्ण जीवन सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय के सिद्धांत पर आधारित रहा। उनका दर्शन भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया की कई समस्याओं का समाधान देने में सक्षम है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विजेंद्र पांडेय, जयप्रकाश राजभर, मुन्ना वर्मा, विकास गुप्ता, प्रवीण सोनकर, संतोष कुमार, रामप्रवेश मौर्य, रामयादी यादव, राजू पटेल, रेवती रमन पांडे, महेंद्र राजभर आदि रहे।

### ग्रामसभा की बंजर जमीन को प्रशासन ने करवाया अतिक्रमण मुक्त

**मधुबन, मऊ।** ग्रामसभा की बंजर जमीन पर अवैध अतिक्रमण को प्रशासन ने कब्जा मुक्त कराया। उच्च न्यायालय के आदेश पर नायब



तहसीलदार मधुबन अमरनाथ यादव के निर्देशन में यह कार्यवाही की गयी। ग्रामसभा सिकड़ीकोल के गाटा संख्या 1872 को इसके कब्जेदार राधेश्याम पुत्र सहती से कब्जा मुक्त कराया गया। प्रशासन द्वारा सभी पक्के निर्माण को जेसीबी की सहायता से धराशाई करा दिया गया। इस दौरान विरोध की आशंका के मद्देनजर यहां बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। मधुबन तहसील प्रशासन के अनुसार ग्रामसभा सिकड़ीकोल में गाटा संख्या 1872 बंजर भूमी के रूप में दर्ज है। इस पर गाँव के ही राधेश्याम पुत्र सहती द्वारा अवैध रूप से पक्का निर्माण करा कर कब्जा कर लिया गया था। इसे लेकर मामला न्यालय में विचाराधीन था। उच्च न्यालय के आदेश के क्रम में आज उक्त भूमी को कब्जा मुक्त करा लिया गया। पक्के निर्माण को ध्वस्त करा दिया गया है। साथ में दोबारा कब्जा न करने की चेतावनी भी दी गयी है। इस दौरान उपनिरीक्षक थाना मधुबन संजय उपाध्याय दल बल के साथ मौजूद रहे। मौके पर लेखपाल उमाशंकर यादव, अमित कुमार सिंह, प्रेमचंद यादव, आलोक सिंह, मनोज यादव अखिलेश कुमार आदि भी उपस्थित रहे।

### दीनदयाल उपाध्याय की मनाई जयंती, मंदिर को किया स्वच्छ

**उजाला संचार, मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** स्थानीय ब्लॉक के भांटीकला गांव में भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल



उपाध्याय की जयंती के अवसर पर कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। साथ ही मां काली मंदिर सहित गांव के समस्त देव स्थानों पर स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कार्य किया गया। इस दौरान वर्तमान में चल रहे सेवा पखवाड़ा व सदस्यता अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण कराई गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधी संतोष सिंह मिंटू, भाजपा युवा मोर्चा के करहां मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत तिवारी, बूथ अध्यक्ष विपुल सिंह, कार्यालय प्रभारी सचिन तिवारी, मोनू सिंह, नीरज कश्यप, जितेंद्र कश्यप, कन्हैया खरवार, विजय विश्वकर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राकेश कुमार जायसवाल बाल दुर्गा पूजन समिति के चुने गए सर्वसम्मति से अध्यक्ष

**उजाला संचार, रतनपुरा, मऊ।** श्री बाल दुर्गा पूजन समिति दुर्गा मंदिर रतनपुरा की आवश्यक बैठक मंदिर परिसर में हुई। जिसमें सर्व सम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। चुने गए पदाधिकारियों में संरक्षक फतेह बहादुर गुप्त, व्यवस्थापक दुगार्नंद गुप्त, उप व्यवस्थापक अजय चौरसिया, अध्यक्ष राकेश कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, पूजा मंत्री संतोष कुमार गुप्ता ,सूचना मंत्री श्याम जी गुप्ता, महामंत्री आनंद कुमार गुप्ता, उप महामंत्री गौरव जयसवाल प्रमुख है। समिति की बैठक में पूजा से जुड़े सभी पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार विमर्श किया गया।

# धूम-धाम से मनाया गया त्रिलोकी नाथ पांडे (रामसखा) की पुण्यतिथि

## अयोध्या के संत, पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं पूर्व सांसदों व चंपत राय की रही मौजूदगी

उजाला संचार

**बलिया।** गौरवशाली इतिहास की साक्षी एवं त्याग व बलिदान की धरती बलिया के प्रणेता स्वर्गीय त्रिलोकी नाथ पांडे जी रामसखा की पुण्यतिथि बड़े ही धूम-धाम से मनाई गई जिसमें अयोध्या से चलकर आए संतों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, सबसे पहले पुण्यतिथि के अवसर पर संत समाज ने स्वर्गीय त्रिलोकी नाथ पांडे जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वर्गीय त्रिलोकी नाथ पांडे रामसखा के त्याग बलिदान की भूरी भूरी सराहना किया, इस क्रम में राम जन्मभूमि ट्रस्ट अयोध्या के महामंत्री चंपत राय ने स्वर्गीय त्रिलोकी नाथ पांडे रामसखा की बलिदानी जीवन को याद करते हुए कहा कि पूरे हिंदू समाज को





रामसखा से सीखने की जरूरत है जिनका संपूर्ण जीवन हिंदू समाज के लिए समर्पित रहा। अयोध्या से चलकर आए संतों ने कहा कि स्वर्गीय त्रिलोकी नाथ पांडे जी एक पुण्य आत्मा थे और उनके द्वारा किए गए कार्यों एवं त्याग के लिए हिंदू समाज सदैव ऋणी रहेगा,उनका संपूर्ण जीवन रामसखा के रूप में राम के प्रति समर्पित रहा, संतों ने कहा कि हमें खुशी होगी कि बलिया में स्वर्गीय त्रिलोकी नाथ पांडे जी रामसखा का स्मारक एवं उनकी प्रतिमा स्थापना हो,वही डॉक्टर भूपेंद्र सिंह ने कहा कि स्व० त्रिलोकी नाथ पांडे जी रामसखा का जीवन अनुकरणीय है, उनका संपूर्ण जीवन बलिया ही नहीं पूरे हिंदू समाज के लिए एक सिख है, श्री सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वर्गीय त्रिलोकी नाथ पांडे जी को रामसखा की उपाधि से नवाजा गया है जो की बलिया के लिए गौरव की बात है, हमें उनके पुण्यतिथि के अवसर पर संकल्प लेते हुए समाज में शांति, सद्भावना, आपसी भाईचारा स्थापित करने के लिए समर्पित होना चाहिए जिससे कि संपूर्ण समाज का कल्याण हो सके। इस दौरान पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, पूर्व सांसद भरत सिंह, पूर्व मंत्री राजधानी सिंह, बलिया नगर पालिका अध्यक्ष संत कुमार मिठाई लाल, प्रधान डॉक्टर भूपेंद्र सिंह एवं संत समाज व सम्मानित महानुभाव गण मौजूद रहे।

## अभियान के तहत बनाये गये सदस्य

उजाला संचार

**घोसी, मऊ।** 2 सितम्बर से पूरे देश में चलाये जा रहे भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान अन्तर्गतत 25 सितम्बर बुधवार को पं दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर प्रत्येक बूथ पर विशेष सदस्यता का कार्यक्रम हुआ। भारतीय जनता पार्टी गोरखपुर क्षेत्र के महामंत्री सुनील गुप्ता ने घोसी विधान सभा अन्तर्गत कोइरियापार मण्डल के ग्राम सभा भिखारीपुर के बूथ संख्या 104 एवं 105 पर 150 लोगों को आन लाइन डिजिटल सदस्यता ग्रहण कराया। इसके पूर्व प्रातः 9 बजे भिखारी बाजार स्थित श्री हनुमान मन्दिर परिसर में पं. दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया। तथा उपास्थित कार्यकताओं एवं नागरिकों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि पं. दीन दयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के दर्शन को केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा की सरकारों ने धरातल पर उतारने का कार्य किया। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब कल्याण अन्न योजना, आवास, आयुष्मान भारत योजना, उज्वका गौरा कनेक्शन, किसान सम्मान निधि, हर घर नल से जल आदि सहित 400 से भी अधिक जनकल्याणकारी योजनाओं के द्वारा समाज के सबसे नीचले पायदान पर जीवन यापन करने वाले गरीब लोगों का सपना साकार किया हो। जीरो टालरेश पर चल रही उत्तर प्रदेश में योगी जी की सरकार ने



प्रदेश की जनता को भ्रममुक्त किया है।इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष सुरेश राजभर रामप्रकाश चौहान, जीतू मद्धेशिया बूथ अध्यक्ष संजय चौहान, राम अवतार, राजदेश चौहान, डा प्रभुनाथ चौहान, सुमित मौर्य, धर्मेंद्र चौहान आदि उपस्थित रहे। वही जमालपुर मिजार्पुर घोसी में मंडल अध्यक्ष रविंद्र उपाध्याय, अतुल शर्मा, बड़ागांव में मनोज साहनी, राजेश राजभर, रूपेंद्र भारती, सोमारीडीह में रमेश विश्वकर्मा आदि ने बूथों पर सदस्य बनाया।

# किसी भी दशा में शोशल मीडिया पर न करें कमेंट: धर्मेन्द्र पाण्डेय

उजाला संचार

**घोसी, मऊ।** कोतवाली के परिसर में बुधवार को तहसीलदार घोसी डा. धर्मेंद्र पाण्डेय की अध्यक्षता में दशहरा, रामलीला सहित अन्य आगामी पर्वों को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन हुई। जिसमें मौके पर उपस्थित लोगों से जनहित की समस्याएं सुनकर समाधान करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को निर्देश दिया गया कि किसी भी हाल में नई परम्परा कायम नही होनी चाहिए। सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की कमेंट या पोस्ट नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही नगर पंचायत घोसी को साफ सफाई एवं पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।बिजली विभाग को आगामी पर्वों पर समुचित मात्रा में बिजली आपूर्ति करने को कहा गया। तहसीलदार डा.धर्मेंद्र पाण्डेय ने कहाकि सभी पर्व हमें आपसी भाईचारगी एवं एकता की सीख देते हैं। पर्व का



आनन्द तभी होगा जब सभी लोगों की सहभागिता हो। यदि पर्व को सकुशल सम्पन्न करने में कोई बाधा डालता है तो उसके साथ सख्ती से निपटा जायेगा। ऐसे लोगों पर पैनी नजर रखी जा रही है।जल्द ही उनके साथ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। कोई गैर कानूनी कार्य नहीं करेंगा। यदि कोई ऐसा करते हुए पाया जाता है तो उसके साथ सख्ती से निपटा जायेगा। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने कहाकि अमन एवं शांति के साथ आप पर्वों को मिलजुल कर मनाये। यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो उसे सूचित करें। जिससे उसका समाधान किया जा सकें। पर्वों को सम्पन्न कराने में सभी का सहयोग की अपेक्षा किया। सोशल मीडिया पर किसी प्रकार का कमेंट या पोस्ट न करें। यह आपकी छोटी सी लापरवाही घाटक हो जायेगी इसलिए अपने कर्तव्यों के प्रति सतर्क रहें।

# साई कालेज आफॅ फामेर्सी ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर चलाया स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

उजाला संचार

**मऊ।** साई कालेज आर्फ फामेर्सी सिकटीया व इन्दु प्रकाष फामेर्सी कालेज ने विष्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज कुमार राय जिला पंचायत अध्यक्ष, न0पा0प0 मऊ के चेयरमैन अरषद जमाल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज कुमार राय ने रोडवेज से गाजीपुर तिराहा तक के स्वास्थ्य जागरूकता अभियान रैली को हरी झण्डी दिखाई वही सदर चौक से टीसीआई मोड के लिये रैली को चेयरमैन अरषद जमाल ने हरी झण्डी दिखाई। जागरूकता अभियान में छात्र व छात्राओं के साथ चलते हुए नगर में सड़क के दोनों तरफ सभी दुकानदारो के षुगर व बीपी की जॉच कर उन्हे उनके स्वास्थ के बारे जागरूक किया और बताया कि जब हम हेल्थ की बात करते हैं तो इस क्षेत्र में वह सभी लोग सम्मिलित होते हैं जो किसी न किसी रूप में हमारे स्वास्थ्य के लिए कार्य



करते हैं। उसी तरह से फार्मासिस्ट भी है जो हमारे स्वास्थय का ख्याल रखते हैं। आगर भारत की बात करी जाए तो पूरे देख में कुल रजिस्टर फामेर्सी 5,59,408 के आस-पास है। रिजस्टर फामेर्सी जो पूरी तरह इस विषय को पढ़ कर समझ कर कार्य करते हैं उनपर हम पूरी तरह से भरोसा भी कर लेते हैं। इनके इसी योगदान की सरहाना करने के लिए विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया जाता है। इस दौरान साई कालेज एवं इंदु प्रकाश फामेर्सी कॉलेज के प्रबंधक अखिलेश राय, प्रधानाचार्य प्रधानाचार्य अजय कुमार, अषजद कमाल, अविनास पाण्डेय, षिवम सुषील, अखिलेष सिंह चौहान, अजय सिंह, सतवन्त रवि, इरफान खान, मुदस्सीर षमीम, कपिल मौर्या, विवेक पाण्डेय, अमित श्रीवास्तव, सुनील मौर्या, अंकिता सिंह, जुही गुप्ता, आकांक्षा राव व सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# पंडित दीनदयाल के आदर्शों को आत्मसात करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी

## भाजपा जनों ने मनाई जयंती

उजाला संचार

**मऊ।** एकात्म मानवतावाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म दिवस भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश राय की अध्यक्षता में गाजीपुर तिराहे के संन्यासी टावर में मनाया गया। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्पांजली अर्पित करते हुए भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार पांडे द्वारा पंडित के व्यक्तित्व एवं पर चर्चा करते हुए उनके दिखाए गए मार्ग पर चलने की बात कही। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश राय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की वर्तमान राजनीतिक परिवेश में उपयोगिता पर चर्चा करते हुए कहा





कि भारतीय जनता प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा नेता कौशल कुमार राय, मण्डल अध्यक्ष मनीष सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष भगत सिंह, पूर्व प्रधान बीरभद्र सिंह, प्रतीष सिंह, अभिषेक राय, सुशील राय, भानु प्रताप सिंह आदि लोग शामिल रहे।

दोहरीघाट संवाददाता के अनुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय ज्ञान परंपरा में उत्पन्न युग ऋषि थे वह भारतीय जनसंघ के विचारधारा के प्रणेता थे उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरक व ज्ञानवर्धक है उनके विचार भारत भूमि के लिए संजीवनी के समान है। उक्त बातें भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष राय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती पर कस्बा स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच कही। उन्होंने कहा कि महान विचारक युग पुरुष पंडित दीनदयाल ने अपनी पूरी जिंदगी देश सेवा के लिए समर्पित कर दिया उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज सेवा में सक्रिय भागीदारी निभाकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते। हैं। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री हिमांशु राय, सुरेंद्र गुप्ता, राकेश कुमार, सतीश शाही, अमित कुमार, दुर्ग विजय, बबलू राय आदि लोग रहे।

# अंडर-14 क्रिकेट टीम में अचिंत्य का हुआ चयन

उजाला संचार

**मऊ।** मुहम्मदाबाद तहसील के टाउन इंटर कालेज में सोमवार को माध्यमिक जिला स्तरीय अंडर-14 क्रिकेट टीम का ट्रायल लिया गया। जिसमें मऊ जिले के रैनी ग्रामसभा के दधिबल इंटर कालेज के अचिंत्य प्रकाश राय (चिक्कू) का अंडर 14 में चयन किया गया। देर शाम सिलेक्शन की खबर पाते ही दाधिबल इंटर कॉलेज प्रबंधक राहुल राय, प्रधानाचार्य आनंद कुमार, अध्यापक चंदप्रकाश राय सौरभ राय पवन उपाध्याय साहित्य अन्य लोगों ने इनको शुभकामनाए व बधाई दी तथा इसी तरह विद्यालय और गांव का नाम रोशन करते रहने का आशीर्वाद दिया। इनका मण्डल स्तरीय ट्रायल 26 सितंबर को टाउन इंटर कालेज मुहम्मदाबाद में होगा। वही पूर्व में चयनित अंडर 19 व अंडर 17 लड़कियों का ट्रायल 24 सितंबर



को आजमगढ़, अंडर 17 लड़कों का ट्रायल 26 सितंबर को आजमगढ़ तथा अंडर 19 लड़कों का ट्रायल 27 सितंबर को बलिया मे आयोजित होगा। गोविंद आर्या, सुग्रीव कुमार, मुहम्मद नौशाद सहित अन्य लोग थे।

# किड्स जोन स्थापित करने वाला पहला रेलवे स्टेशन बना बनारस

उजाला संचार

**मऊ।** अमृत भारत स्टेशन के लक्ष्य के अनुरूप स्टेशन को सिटी सेंटर के रूप में विकसित किये जाने की दिशा में वाराणसी मंडल का बनारस स्टेशन बना पूर्वोत्तर रेलवे का पहला किड्स जोन स्थापित करने वाला स्टेशन । अब बनारस स्टेशन पर यात्रियों के संग आने वाले बच्चों को ट्रेन के इंतजार के दौरान बोरियत नहीं होगी और बच्चे खेल-कूद के साथ-साथ स्नैक्स का भी आनन्द ले सकेंगे । मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव की प्रेरणा से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री शेख रहमान की योजना के अनुरूप बनारस रेलवे स्टेशन के सेकेण्ड इन्ट्री (प्लेटफार्म सं-08 की तरफ) के सकुर्लेटिंग एरिया में स्थित नन्दी गार्डेन के सुन्दरीकरण के साथ बच्चों के लिए किड्स जोन



विकसित किया गया है ।

बनारस रेलवे स्टेशन पर नवस्थापित किड्स जोन को रेल गाँव नाम दिया गया है । निजी क्षेत्र की भागीदारी से स्थापित इस रेल गाँव में बच्चों के मनोरंजन के शुल्क के आधार पर ट्वाय ट्रेन एवं मिक्की माउस जम्पिंग तथा टॉय कार की सुविधा उपलब्ध है । इसके साथ-साथ बच्चों की पसंद के खान-पान के लिए ₹मील ऑन व्हीलर₹ की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

## एक फार्मासिस्ट के पास ही डॉक्टर की लिखी प्रिसक्रिप्शन पढ़ने की कला होती है- जय हिंद यादव

उजाला संचार

**रतनपुरा, मऊ।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के रतनपुरा ब्लाक इकाई के अध्यक्ष डॉ जय हिंद यादव ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर आम जनों को इसकी बधाई देते हुए कहा कि एक अच्छे फार्मासिस्ट के बिना, आप दवा और चिकित्सा की दुनिया में खो जाते हैं। फार्मासिस्ट दिवस पर अपने सकारात्मक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए हमें सिस्टम को धन्यवाद देना चाहिए। हमें फामेर्सी के प्रोफेशन में लगे फार्मासिस्टों को विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर बड़ा धन्यवाद देना चाहिए, क्योंकि उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि हमारी सभी दवाइयाँ हर समय उपलब्ध रहें। एक फार्मासिस्ट के पास ही डॉक्टर की लिखी प्रिसक्रिप्शन पढ़ने की कला होती है।जहर और दवा अक्सर एक ही पदार्थ होते हैं, जिन्हें अलग-अलग इरादों से दिया जाता है। हजारों नुस्खे पाना आसान है, लेकिन एक भी उपाय पाना मुश्किल है। डॉक्टर जय हिंद



यादव ने आगे कहा कि प्रकृति द्वारा डिजाइन की गई और सार्वभौमिक वास्तुकार द्वारा हमारे अस्तित्व में रखी गई अद्भुत फामेर्सी हमारी जरूरत की अधिकांश दवाइयाँ बनाती है। आपको ऐसे शहर से प्यार करना होगा जहाँ आप फामेर्सी में धूम्रपान और जुआ दोनों कर सकते हैं।ह्ल

# अंडरग्राउंड केबल क्षतिग्रस्त होने से 14 घंटे बाधित रही विद्युत आपूर्ति

उजाला संचार

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** बलिया शाहगंज रेलवे प्रखंड पर मुहम्मदाबाद गोहना के पास अंडरग्राउंड की विद्युत केबल क्षतिग्रस्त होने से करहां परिक्षेत्र की 14 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही। इससे जमुई विद्युत उपकेंद्र 33/11 के अंतर्गत पड़ने वाले क्षेत्र के विभिन्न गांवों व मुहल्लों में बुधवार के भोर में 03 बजे से देर शाम 05 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप्प रही। विद्युतकर्मियों ने दिनभर की कड़ी मेहनत के बाद फाल्ट को ठीक कर विद्युत आपूर्ति बहाल करवाई। इस बीच क्षेत्रीय जनता सिचाई न होने, पीने के पानी की कमी, व गर्मी व उमस से हलकान दिखी। मंगलवार के भोर में करीब 03 बजे 33 हजार की मुख्य विद्युत आपूर्ति मुहम्मदाबाद गोहना कस्बे के निकट रेलवे लाइन के करीब खराब हो गई। बुधवार सुबह से देर शाम तक फाल्ट को खोजकर दुरुस्त किया गया। साथ ही विद्युत लाइन के क्षेत्र में पड़ने वाली पेड़ों की झुकी डालियों को भी मेहनत कर विद्युत



कर्मियों ने काट-छांटकर ठीक किया, ताकि भविष्य में फाल्ट की समस्या कम हो। कड़ी मेहनत के बावजूद सायं लगभग 05 बजे जाकर आपूर्ति बहाल हो पाई। इस उमस भरे मौसम में बेहद घने बसे करहां, जमुई, माहपुर, घुटमा, गद्दोपुर, दरौरा, नगपुर, परवा, शमशाबाद, चकजाफरी, मालव आदि दर्जनों गांवों व मुहल्लों के लोग परेशान रहे। सबसे अधिक परेशानी पीने के पानी की रही। जलजीवन मिशन की माहपुर व करहां की टंकी का पानी समाप्त हो गया। समूचा क्षेत्र हैंडपंप के युग में लौटने को मजबूर दिखा। जहां दोपहर से देर शाम कतारें देखी गयी और लोग दिनभर विद्युत विभाग को कोसते नजर आए। इस संबंध में एसडीओ नीरज कुमार ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र जमुई-करहां जाने वाली मेन लाइन की केबल रेलवे क्रासिंग पास भ्रष्ट होने से समस्या आयी थी।

# बलिया में मानव तस्करी का बड़ा भंडाफोड़: एनआईए का छापा, अंतरराष्ट्रीय रैकेट के तार जुड़े

(शीतल निर्भीक उजाला संचार ब्यूरो)

**बलिया।** उत्तर-प्रदेश में फूलों की नगरी के नाम से विख्यात सुंगघित सिकंदरपुर में मानव तस्करी के एक बड़े रैकेट का पदार्फाश हुआ है। एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) ने सोमवार की सुबह उर्दू मार्केट में एक गुप्त छापेमारी अभियान चलाकर एक युवक को हिरासत में लिया, जिससे पूरे जिले में सनसनी फैल गई है। गिरफ्तार युवक पर विदेशों में बेरोजगार युवाओं को फंसाकर भेजने और उनकी तस्करी में संलिप्त होने के गंभीर आरोप हैं। युवक का भाई पहले से ही मानव तस्करी के आरोपों में दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद है, जिससे शक गहराया है कि ये पूरा गिरोह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय है।







**सिकंदरपुर में एनआईए का अचानक छापा**

सूत्रों के अनुसार, एनआईए की आठ गाड़ियों में सवार टीम ने अचानक सिकंदरपुर के उर्दू मार्केट में छापा मारा। इस अचानक हुई कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जैसे ही छापेमारी की खबर फैली, गिरोह से जुड़े छह से अधिक लोग भूमिगत हो गए। एनआईए की इस कार्रवाई ने पूरे जिले को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है। यह दूसरी बार है जब एनआईए ने मानव तस्करी से जुड़े किसी बड़े मामले में जिले में छापा मारा है। इससे पहले, बीते वर्ष नक्सलियों की गिरफ्तारी के बाद एनआईए की सक्रियता बढ़ी थी। अब मानव तस्करी के इस मामले में जांच की दिशा में नए खुलासे होने की संभावना है।

**विदेश भेजने के नाम पर जालसाजी**

गिरफ्तार युवक पर आरोप है कि वह बेरोजगार युवाओं को विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर पोलैंड, इथोपिया, दक्षिण-पूर्व एशिया के प्रतिबंधित देशों में भेजता था। दिल्ली, लखनऊ, और वाराणसी में इसके ऑफिस थे, जहां से वह युवाओं को सऊदी अरब और दुबई भेजने का वादा करता था। लेकिन असल में उन्हें टूरिस्ट वीजा पर भेजकर अमानवीय परिस्थितियों में काम करने पर मजबूर किया जाता था। एनआईए की जांच में यह खुलासा हुआ कि कई युवाओं की किडनी आदि निकाल ली जाती थी, जिससे इस रैकेट का अपराध गंभीरता से लिया जा रहा है। करीब तीन महीने पहले एनआईए ने दिल्ली से युवक के भाई को गिरफ्तार किया था, जो फिलहाल तिहाड़ जेल में है। अब इस नए खुलासे ने मानव तस्करी के इस गिरोह के पूरे नेटवर्क को उजागर करने की दिशा में एनआईए को और मजबूती दी है।

**गिरोह का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क**

इस गिरोह के तार केवल भारत तक सीमित नहीं हैं। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी फैला हुआ है। गिरफ्तार युवक ने खुद कई बेरोजगार युवाओं को विदेश भेजने के नाम पर शोषण के दलदल में फंसाया है। सूत्रों के अनुसार, सिकंदरपुर में छह से अधिक ऐसे गिरोह सक्रिय हैं जो गरीब और बेरोजगार युवाओं को टूरिस्ट वीजा पर विदेश भेजते हैं, जहां वे गंभीर शोषण का शिकार बनते हैं।

**एनआईए की सक्रियता और बड़े खुलासे**

जिले में बढ़ते मानव तस्करी के मामलों को देखते हुए एनआईए की कार्रवाई से कई लोग भयभीत हो गए हैं। एनआईए की इस ताजा छापेमारी ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है। वहीं, स्थानीय पुलिस इस मामले में कुछ भी बताने से इंकार कर रही है, लेकिन एनआईए की लगातार सक्रियता से अब यह मामला और गंभीर होता जा रहा है।

**आने वाले दिनों में और खुलासे की संभावना**

एनआईए की इस कार्रवाई के बाद से पूरे जिले में चर्चा का बाजार गर्म है। यह मामला मानव तस्करी के एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह से जुड़ा हो सकता है, जिसकी जड़ें कई देशों तक फैली हुई हैं। एनआईए और अन्य जांच एजेंसियां अब इस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही हैं, और आने वाले दिनों में और भी बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

**बागी धरती के लोगों में बनी दहशत**

एनआईए की इस कार्रवाई ने इलाके में भय का माहौल पैदा कर दिया है। गिरोह से जुड़े कई लोग भूमिगत हो गए हैं और स्थानीय लोग अब समझ नहीं पा रहे हैं कि कैसे इन गिरोहों ने क्षेत्र में अपना जाल फैला रखा था। इलाके में अब लोगों के बीच एनआईए की अगली कार्रवाई को लेकर चचाएं हो रही हैं।

**बढ़ती मानव तस्करी पर सवाल**

बलिया जिले में मानव तस्करी के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है, जो एक गंभीर चिंता का विषय है। एनआईए की यह ताजा कार्रवाई इस बढ़ते खतरे को रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

मानव तस्करी जैसे घिनौने अपराध के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई ने जिले के लोगों को राहत तो दी है, लेकिन साथ ही भविष्य में और भी सतर्क रहने की जरूरत है। इस मामले ने बलिया जिले में मानव तस्करी के बड़े नेटवर्क का पदार्फाश कर दिया है। एनआईए की इस ताजा कार्रवाई से मानव तस्करी के इस जटिल और अंतरराष्ट्रीय रैकेट की गंभीरता का पता चलता है। एनआईए की सक्रियता से अब गिरोह के अन्य सदस्यों की धरपकड़ की संभावना बढ़ गई है, जिससे जिले में कानून व्यवस्था को लेकर सख्ती और बढ़ेगी।

## सुनीता सोनी को नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत ब्रांड एंबेसडर नॉमित किया गया



**उजाला संचार, रोहित सेठ, वाराणसी।** महिला व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनीता सोनी को वाराणसी नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत ब्रांड एंबेसडर नॉमित किया गया। स्वच्छ काशी सुंदर काशी स्वच्छ भारत को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लेती हूं और अपने आस पास सफाई रखने हेतु लोगों को प्रेरित व प्रोत्साहित करने का वचन देती हूं।

## अवैध निर्माण के विरुद्ध वीडीए ने किया सील की कार्यवाही



**वाराणसी।** उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-3 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी। वार्ड- चेतगंज में तरुण मिटवानी,रिचा दहलानी व वर्षा मिटवानी भवन सख्या - उ-19/15-अ-2-1+15अ-2-1-ङ वार्ड- चेतगंज, हबिबपुरा में ॠ-3 अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिसे मौके पर सील कराते हुए चेतगंज थाना की अभिरक्षा मे सौप दिया गया। मौके पर जोनल अधिकारी श्री सौरभदेव प्रजापत्ति व अवर अभियंता श्री रविन्द्र प्रकाश उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## शमन मानचित्रों का प्रकरणवार किया गया समीक्षा

**वाराणसी।** उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के सभागार में अपर सचिव डा० गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जोन-1 के वार्ड शिवपुर एवं सिकरौल में विगत एक सप्ताह में शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0-1,22,77,915.00 जमा कराया गया है, परन्तु अभी भी कुल 67 बकायेदारों के सापेक्ष कुल रू0 3,31,23,893.00 बकाया अवशेष है, जिसे विलम्बतम 15 दिवस में जमा कराने हेतु फील्ड स्टॉफ एवं अवर अभियन्ता को निर्देश दिया गया है। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वालों निर्माणकताओं के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने के भी जोनल अधिकारी को निर्देश दिया गया। सील प्रकरणों की जॉच एवं बेसमेंट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलम्बतम 01 सप्ताह में जनशिकायतों का प्राथमिकता पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही/बिधिसंगत रूप से ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया गया है। उक्त समीक्षा बैठक में संयुक्त सचिव, परमानन्द यादव, नगर नियोजक प्रभात कुमार, जोनल अधिकारी, सिंह गौरव जयप्रकाश एवं अवर अभियन्ता, अतुल मिश्रा सहित भवन लिपिक एवं फील्ड कार्मिक उपस्थित रहे।



## शिक्षा जगत के तपस्वी: स्वर्गीय डॉ.राम नक्षत्र त्रिपाठी की अमर शिक्षा ज्योति

(शीतल निर्भीक उजाला संचार ब्यूरो)

**बलिया।** उत्तर प्रदेश की बागी धरती के बिल्थरारोड स्थित डीएवी इंटर कॉलेज के दिवंगत प्रिंसिपल, स्वर्गीय डॉ. राम नक्षत्र त्रिपाठी ने अपने जीवन को शिक्षा के प्रति समर्पित कर दिया। उनकी शिक्षण शैली और मार्गदर्शन ने न सिर्फ अनगिनत छात्रों के जीवन को संवारा, बल्कि उन्हें उच्च शिक्षा और सफलता के मार्ग पर अग्रसर किया। डॉ. त्रिपाठी ने शिक्षा को केवल एक पेशा नहीं माना, बल्कि इसे समाज सेवा का माध्यम बनाया, जहां गरीब और असहाय छात्र भी बिना भेदभाव के शिक्षा प्राप्त कर सकें।

**शिक्षा के प्रति समर्पण**

अपने कार्यकाल में, स्वर्गीय डॉ. राम नक्षत्र त्रिपाठी ने स्कूल को एक आदर्श शिक्षण संस्था के रूप में स्थापित किया, जहां छात्रों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके नैतिक और व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता था। उनके द्वारा तैयार किए गए छात्रों ने न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई। डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, और उच्चाधिकारी बनने वाले उनके छात्र आज भी उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते हैं।




**गरीब छात्रों के लिए मसीहा बने रहे**

डॉ. त्रिपाठी ने हमेशा शिक्षा को एक सेवा के रूप में देखा और यह सुनिश्चित किया कि आर्थिक रूप से कमजोर छात्र भी उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त कर सकें। उन्होंने कई जरूरतमंद छात्रों की पढ़ाई का खर्च स्वयं उठाया और उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक और प्रेरित किया। उनकी मदद से कई ऐसे छात्र, जिनके लिए शिक्षा का सपना अधूरा था, आज समाज में उच्च स्थान पर हैं।

**कोरोना काल में अचानक निधन**

कोरोना महामारी के कठिन समय में, डॉ. त्रिपाठी का असमय निधन शिक्षा जगत के लिए एक बड़ी क्षति साबित हुआ। उनके जाने से डीएवी इंटर कॉलेज और उसके छात्रों को गहरा धक्का लगा, लेकिन उनके द्वारा सिखाई गई सीखें आज भी छात्रों और शिक्षकों के दिलों में जीवंत हैं। उनके निधन के बाद भी उनके आदर्शों पर चलने वाले कई शिक्षक और छात्र आज शिक्षा के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं।

**जीवनभर की अमूल्य धरोहर**

डॉ. त्रिपाठी का जीवन एक आदर्श शिक्षक और समाजसेवी का जीवन था। उनकी शिक्षा की ज्योति कभी धूमिल नहीं हो सकती, क्योंकि उनके द्वारा रोपे गए शिक्षा के बीज आज भी हजारों छात्रों के जीवन में फल-फूल रहे हैं। उनकी शिक्षाएं हमें सिखाती हैं कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम भी बननी चाहिए।

**पूर्णतिथि पर श्रद्धांजलि**

स्वर्गीय डॉ. राम नक्षत्र त्रिपाठी की पूर्णतिथि पर डीएवी इंटर कॉलेज में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में उनके छात्रों और सहकर्मियों ने भावपूर्ण स्मरण किया।

छात्रों ने उनके प्रेरक विचारों को साझा करते हुए कहा कि डॉ. त्रिपाठी का जीवन शिक्षा के प्रति समर्पण का जीवंत उदाहरण है, और उनकी शिक्षा की रोशनी सदियों तक इसी प्रकार प्रज्वलित रहेगी।

## स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत महापौर ने सफाई मित्रों को अपने हाथों से खाना परोस कर की सेवा

### स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत सात स्थानों पर लगा कैम्प, 1530 सफाई मित्रों की हुई स्वास्थ्य की जॉच

उजाला संचार

**वाराणसी।** स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत वाराणसी नगर निगम द्वारा नगर निगम के सभी जोनो में सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं सरकारी योजनाओं का वित्तीय लाभ दिये जाने हेतु शिविर लगाया गया। यह कार्यक्रम क्रमशः आदमपुर जोन, भेलूपुर जोन, रामनगर जोन, दशाश्वमेध जोन, कोतवाली जोन, वरूणापार जोन तथा नगर निगम मुख्यालय स्थित शहीद उद्यान पार्क में संचालित किया गया। शिविर का उद्घाटन मा0 महापौर श्री अशोक कुमार तिवारी के द्वारा किया गया। निगम सभागार में आयोजित ह्यह्यस्वच्छता ही सेवाह्लह्ल कार्यक्रम में नगर आयुक्त श्री अक्षत वर्मा ने कहा कि सफाई मित्र नगर निगम के अभिन्न अंग हैं, इनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का ध्यान रखना आवश्यक है, जिसमें सभी मित्रों के लिये डाक्टर परीक्षण करेगें एवं उनके लिये दवा भी उपब्ध है। नगर आयुक्त द्वारा सफाई मित्रों से आहवान किया कि उनके लिये यहॉं पर बैंको द्वारा स्टाल लगाया गया है, जहॉं पर वे जाकर सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। मा0 महापौर के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि सफाई मित्र नगर निगम की सबसे महत्वपूर्ण कर्मचारी हैं, जिनके द्वारा नगर को साफ किया जाता है। मा0 महापौर के द्वारा कहा गया कि आज काशी स्वच्छ है तो आपके प्रयासों से। यदि किसी भी सफाई मित्र को किसी भी प्रकार का दोहन या प्रताड़ित किया जाता है तो वे स्वंय आकर मिलकर आपी समस्या को बता सकते हैं। मा0 महापौर ने उपस्थित सभी सफाई मित्रों को स्वास्थ्य परीक्षण करनाने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु कहा गया। इसी प्रकार का कैम्प सभी नगर निगम के जोनों पर आयोजित किया गया। यह शिविर आज भी आयोजित किया गया है।





# राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम की कर्मठता संकल्प से भाजपा सदस्यता अभियान बना नई उम्मीदों की किरण

उजाला संचार (शीतल निर्भीक रंजना वर्मा ब्यूरो)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की लोकप्रिय राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम अपने दृढ़ संकल्प और कर्मठता से सलेमपुर विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को एक नई दिशा दे रही हैं। उन्होंने शहर से लेकर गांव-गांव तक सदस्यता कैंप लगाकर लोगों को भाजपा से जोड़ने का जो अभियान शुरू किया है, वह न केवल पार्टी के संगठन को मजबूत कर रहा है, बल्कि राजनीति में उनका प्रभावशाली नेतृत्व भी उजागर हो रहा है।

**विजय लक्ष्मी गौतम का अद्वितीय योगदान:**

विजय लक्ष्मी गौतम भाजपा के लिए हमेशा से एक सशक्त चेहरा रही हैं, जो अपनी कर्मठता, समर्पण, और संगठनात्मक कौशल के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने सलेमपुर विधानसभा क्षेत्र के हर कोने में पहुंचकर पार्टी के सदस्यता अभियान को गति दी है, जिसमें हजारों लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ चुके हैं। ग्रामीण इलाकों में उनके द्वारा आयोजित किए गए कैंपों ने समाज के हर वर्ग को भाजपा के विचारधारा से जोड़ने का काम किया है।

**संगठनात्मक बदलाव की तैयारी:**

25 सितंबर को इस अभियान के पहले चरण की समाप्ति के बाद भाजपा संगठन में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। बूथ स्तर से लेकर जिलाध्यक्षों तक नए चेहरों को मौका देने की योजना है। माना जा रहा है कि विजय लक्ष्मी गौतम के नेतृत्व में हुए इस सदस्यता अभियान के बाद संगठन के हर स्तर पर नई ऊर्जा का संचार होगा।

**नए चेहरों को मिलेगा मौका:**

विजय लक्ष्मी गौतम के इस अभूतपूर्व प्रयास के बाद भाजपा संगठन में कई नए चेहरे देखने को मिल सकते हैं। बूथ अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों, और अन्य पदों पर काबिज नेताओं की सक्रियता और कार्यकुशलता के आधार पर फेरबदल किए जाएंगे, जिससे आगामी उपचुनावों में पार्टी मजबूत होकर उभर सकेगी।

**सदस्यता अभियान का व्यापक विस्तार:**



भाजपा का यह सदस्यता अभियान देशभर में चल रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई बड़े नेताओं ने पार्टी की सदस्यता ली। 2 सितंबर से शुरू हुए इस अभियान में अब तक यूपी में एक करोड़ से ज्यादा नए सदस्य बन चुके हैं। विजय लक्ष्मी गौतम ने सलेमपुर में इस अभियान को और भी व्यापक बनाया है, जिससे क्षेत्र में भाजपा का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है।

**आगामी चुनावों की पूरी तैयारी:**

नवंबर महीने में होने वाले यूपी के उपचुनावों में विजय लक्ष्मी गौतम का यह सदस्यता अभियान भाजपा के लिए एक मजबूत आधार बनेगा। उन्होंने जिस तरह से सलेमपुर में भाजपा के संगठन को नया जीवन दिया है, वह आने वाले चुनावों में पार्टी की सफलता का मुख्य कारक हो सकता है।

**विजय लक्ष्मी गौतम की कर्मठता का प्रभाव:**

विजय लक्ष्मी गौतम की कर्मठता और संगठनात्मक कौशल ने सलेमपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को एक नई पहचान दिलाई है। उन्होंने सिर्फ सदस्यता अभियान ही नहीं चलाया, बल्कि भाजपा की विचारधारा को लोगों के दिलों तक पहुंचाया। ग्रामीण और शहरी इलाकों में उनकी सक्रियता ने सलेमपुर के हर कोने में भाजपा का परचम लहराया है।

**महिलाओं और युवाओं को जोड़ने में अग्रणी:**

विजय लक्ष्मी गौतम ने खासकर महिलाओं और युवाओं को भाजपा से जोड़ने में अग्रणी भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में महिलाओं और युवाओं ने भाजपा के साथ जुड़कर पार्टी के संगठन को और भी मजबूत बनाया है। विजय लक्ष्मी गौतम के इस प्रयास ने भाजपा के अंदर एक नई ऊर्जा का संचार किया है।

**संगठन में नए चेहरों की संभावना:** सदस्यता अभियान समाप्त होने के बाद भाजपा संगठन में बदलाव की प्रक्रिया तेज होगी, जिसमें नए चेहरों को संगठन में शामिल किया जाएगा। बूथ स्तर पर नए कार्यकताओं की सक्रियता को देखते हुए उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जा सकती हैं। विजय लक्ष्मी गौतम का नेतृत्व इस बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**विजय लक्ष्मी गौतम की अपील**

विजय लक्ष्मी गौतम ने अपने कार्यकताओं और समर्थकों से आह्वान किया है कि वे भाजपा की विचारधारा को हर घर तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ें। उन्होंने कहा कि यह सदस्यता अभियान भाजपा को और मजबूत करेगा और समाज के हर वर्ग की आवाज को बुलंद करेगा।

**भाजपा की भविष्य की रणनीति**

सदस्यता अभियान के सफल समापन के बाद भाजपा अब संगठनात्मक फेरबदल की ओर कदम बढ़ा रही है, जिसमें विजय लक्ष्मी गौतम जैसे कर्मठ नेताओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। यूपी के उपचुनावों से पहले भाजपा की यह रणनीति पार्टी को एक नई मजबूती देगी और विजय लक्ष्मी गौतम के नेतृत्व में सलेमपुर में भाजपा की पकड़ और भी मजबूत होगी। इस तरह, विजय लक्ष्मी गौतम की कर्मठता और संकल्प ने सलेमपुर में भाजपा को न केवल संगठनात्मक रूप से सशक्त किया है, बल्कि जनता के बीच भी पार्टी का जनाधार बढ़ाया है।

ujalasanchar376@gmail.com
राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक
उजाला संचार

# योग निद्रा पर वैज्ञानिक मुहर

हमारी हजारों साल के योग की विरासत की सार्थकता निर्विवाद है। लेकिन प्रगतिशील कहे जाने वाले एक तबके का तर्क होता है कि योग को विज्ञान की कसौटी पर कसा जाए। हालांकि, अमेरिका,यूरोप व खासकर चीन में योग को लेकर बड़े शोध किए जा रहे हैं। कुछ समय पहले नोबेल पुरस्कार के सम्मानित एक अमेरिकी न्यूरो सर्जन ने माना था कि प्राणायाम मानसिक रोगों के उपचार में सबसे ज्यादा प्रभावी है। हालांकि, आज सारी दुनिया में योग बाजार सजाकर अरबों का कारोबार किया जा रहा है, लेकिन भारत में योग के प्रति वैसी दीवानगी नजर नहीं आती। निस्संदेह, मोदी सरकार को देश-विदेश में योग को प्रतिष्ठित करने तथा एलोपैथी व अन्य चिकित्सा विधाओं में समन्वय की दिशा में सार्थक पहल करने का श्रेय दिया जाना चाहिए। हाल ही में आईआईटी व एम्स दिल्ली द्वारा एमआरआई के जरिये कराये गए एक अध्ययन में इस बात की पुष्टि हुई कि योग निद्रा से न केवल नींद की गुणवत्ता बढ़ती है बल्कि मन के भटकाव को रोककर नींद को भी नियंत्रित किया जा सकता है। दरअसल, योग निद्रा सोने और जागने के बीच एक सचेतन अवस्था है। जिसका उपयोग योगी ध्यान साधना के लिये करते रहे हैं। योग निद्रा की मानसिक सेहत के लिये उपयोगिता निर्विवाद रही है। अब आईआईटी व एम्स दिल्ली के शोध में भी यह बात स्वीकारी गई कि इससे आराम के गहरे अहसास होते हैं। वहीं दूसरी ओर नियमित योग व ध्यान करने वाले प्रतिभागियों की नींद को नियंत्रित करने की क्षमता सामान्य प्रतिभागियों से अधिक पायी गई। इस वैज्ञानिक शोध में कई महत्वपूर्ण खुलासे हुए। निस्संदेह, जिन लोगों को कई तरह के मनोकायिक रोग होते हैं, उनके लिये योग निद्रा रामबाण सिद्ध हो सकती है। यही वजह है कि अमेरिका व आस्ट्रेलिया आदि देशों में व्यावसायिक तनाव कम करने हेतु योग निद्रा पर जोर दिया जाता है। दिल्ली में हुए शोध में योग निद्रा से चेतना के उच्चतम स्तर को हासिल करने के तथ्य को भी स्वीकारा गया। शोधकताओं ने माना कि योग निद्रा के जरिये गहरे अवचेतन मन में दबी कुंठाओं को मानसिक सतह पर लाकर, कालांतर उनसे मुक्ति में मदद मिलती है। जिससे व्यक्ति की सेहत में सुधार होता है। आज के आपाधापी के जीवन में जब हर कोई ओवर थिंकिंग के मर्ज से जूझ रहा है योग निद्रा हमारे मन के भटकाव को रोकने में भी मददगार हो सकती है। शोध के दौरान बनाये गए दो समूहों में से नियमित योग करने वाले समूह के लोगों के मस्तिष्क के पैटर्न के तुलनात्मक अध्ययन से पता चला कि योग निद्रा हमारे मस्तिष्क को कैसे नियंत्रित करती है। योगी बताते हैं कि कुछ मिनटों की योग निद्रा कई घंटे की सामान्य नींद के मुकाबले ज्यादा विश्रांति देने वाली होती है। व्यक्ति धीरे-धीरे योग निद्रा की अवधि बढ़ाकर बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकता है। वहीं यह हमारे ध्यान को गहरा बनाने में भी मददगार साबित हो सकती है। लेकिन अनुभवी योगी से सीखकर योगनिद्रा करने से अधिक बेहतर परिणाम पाये जा सकते हैं।

> **शोध के दौरान बनाये गए दो समूहों में से नियमित योग करने वाले समूह के लोगों के मस्तिष्क के पैटर्न के तुलनात्मक अध्ययन से पता चला कि योग निद्रा हमारे मस्तिष्क को कैसे नियंत्रित करती है। योगी बताते हैं कि कुछ मिनटों की योग निद्रा कई घंटे की सामान्य नींद के मुकाबले ज्यादा विश्रांति देने वाली होती है**


## विचार

# मरीजों की फिक्र

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में सहकर्मी से दुराचार व हत्या के विरोध में आंदोलित जूनियर डॉक्टरों को देशव्यापी समर्थन मिलता रहा है। राज्य में भी उन्हें व्यापक सहानुभूति मिली है। निस्संदेह कार्यस्थल पर महिला डॉक्टरों की सुरक्षा व न्याय की उनकी मांग तार्किक ही है। लेकिन इसके बावजूद लंबे समय तक चिकित्सा सेवाओं को ठप नहीं किया जा सकता। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि सरकारी अस्पतालों में वे ही मरीज उपचार के लिये आते हैं, जो महंगे अस्पतालों में इलाज नहीं करा पाते। पश्चिम बंगाल सरकार कह रही है कि हड़ताल शुरू होने के बाद उपचार के अभाव में 23 मरीजों की जान चली गई है। ऐसे में हड़ताली डॉक्टरों को तुरंत काम पर लौटना चाहिए। उन्हें सुप्रीम कोर्ट के निदेशों का पालन करना चाहिए था। लेकिन विडंबना है कि हड़ताली जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार तक काम पर लौटने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को नजरअंदाज किया। एक माह से जारी हड़ताल से चिकित्सा सुविधाओं का बाधित होना स्वाभाविक है। सार्वजनिक सेवाओं में, विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र गहन जिम्मेदारी की मांग करता है। असंख्य रोगियों का जीवन चिकित्सा पेशेवरों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। लंबे समय से डॉक्टरों की अस्पतालों में अनुपस्थिति से हजारों मरीजों को दर-दर की ठोकरें खाते देखा गया है। राज्य सरकार का दावा है कि करीब छह लाख से अधिक मरीज इस हड़ताल के कारण आवश्यक उपचार से वंचित हो गए। निस्संदेह, ये आंकड़े सोचने को विवश करते हैं कि किसी हड़ताल का यथार्थ में कितना व्यापक नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वैसे सुप्रीम कोर्ट ने हड़ताली डॉक्टरों की प्रति सहानुभूति व्यक्त की है, लेकिन साथ ही चेताया भी कि उनका विरोध प्रदर्शन उनकी ड्यूटी की कीमत पर नहीं हो सकता। साथ ही आश्वासन भी दिया है कि अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा महिला कर्मचारियों के लिये अलग ड्यूटी रूम बनाये जाने जैसे सुरक्षा उपायों को अविलंब क्रियान्वित किया जाएगा। निस्संदेह, डॉक्टरों को देश की न्यायिक प्रक्रिया पर विश्वास कायम रखना चाहिए और अपनी ड्यूटी को अविलंब आरंभ कर देना चाहिए। उनकी अस्पतालों में अनुपस्थिति जहां रोगियों की मुश्किलें बढ़ाती है, वहीं चिकित्सा जैसे आदर्श पेशे के प्रति जनता के विश्वास को भी घटाती है। यही वजह है, अदालत को कहना पड़ा कि आदेश के पालन से इनकार करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इसमें दो राय कि देश के चिकित्सा संस्थानों तथा अस्पतालों में असुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों को लेकर व्यक्त की जा रही चिंताओं से सहमत हुआ जा सकता है। इन मुद्दों का अविलंब निस्तारण होना भी चाहिए। लेकिन उन्हें इस बात का भी अहसास होना चाहिए कि लंबे समय तक इस तरह की अवज्ञा न्याय को कमजोर करती है। निस्संदेह, पश्चिम बंगाल के चिकित्सकों के अपने काम पर लौटने का वक्त आ गया है। जिससे उपचार तथा न्याय बिना देरी के आगे बढ़ सकें। लेकिन साथ ही राज्य सरकार को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि क्यों चिकित्सा बिरादरी व आम लोगों में उसकी कारगुजारी को लेकर अविश्वास पैदा हुआ है। क्यों कलकत्ता हाईकोर्ट को मामले की जांच सीबीआई को सौंपनी पड़ी। आखिर क्यों इस मामले में अभियुक्त व मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल की गिरफ्तारी के बाद भी आक्रोशित डॉक्टरों का भरोसा नहीं लौट रहा है। निस्संदेह, ये हालत शासन-प्रशासन की कारगुजारियों पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। वहीं दूसरी ओर हड़ताली डॉक्टरों व कर्मचारियों को नोटिस दिए जाने से भी बात बनती नजर नहीं आ रही है। लेकिन एक बात तो साफ है कि सरकार व हड़ताली डॉक्टरों व कर्मचारियों में टकराव की कीमत मरीजों को चुकानी पड़ रही है। वैसे कोई भी सरकार दावा नहीं कर सकती कि उसके यहां अपराध नहीं होते और भविष्य में नहीं होंगे। लेकिन इसके बावजूद किसी भी वारदात के बाद शासन-प्रशासन से संवेदनशील व्यवहार की तो उम्मीद की ही जानी चाहिए। इस मामले में ममता सरकार से कई मामलों में चूक हुई है, जिसके चलते डॉक्टरों को सड़कों पर उतरना पड़ा है। उन्हें आशंका थी कि शायद पीड़िता को न्याय न मिल सके।

# सिक्खों की सहानुभूति बटोरने में नाकाम रहे राहुल गांधी

> **राहुल गांधी ने कहा था कि वो अल्पसंख्यकों को उनका हक दिलाने और उनको बैखौफ होकर जीने की आजादी दिलाने के लिए लड़ रहे हैं, उनकी लड़ाई इस बात की है कि भारत में सिखों को पगड़ी बांधने में डर न लगे, कड़ा पहनने से कोई न रोके, वे गुरुद्वारों में बेखौफ होकर जा सकें**



लगातार तीन बार लोकसभा चुनावों में हार के बावजूद कांग्रेस का अल्पसंख्यकों के प्रति मोह कम नहीं हुआ है। कांग्रेस ने लोकसभा सहित चार राज्यों के विधानसभा चुनावों में तीन में करारी शिकस्त खाने के बावजूद कोई सबक नहीं सीखा है। कांग्रेस बयानों के जरिए यह साबित करने पर तुली हुई कि वह सही मायने अल्पसंख्यकों की खैरख्वाह है। ऐसी राजनीति की कीमत कांग्रेस को चुकानी पड़ी है। दो दशक पहले तक दबे-छिपे तरीके से हिन्दुओं की बात करने वाली भाजपा खुल कर सामने आ गई। इससे देश में हिन्दू-मुस्लिम मतदाताओं का स्पष्ट ध्रुवीकरण नजर आता है। अल्पसंख्यकों की हितैषी साबित करने के लिए कांगेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमरीका में सिक्खों की भारत में सुरक्षा को लेकर बयान देकर संगठन को मुश्किल में डाल दिया। पहले मुसलमानों और अब सिक्खों को लेकर दिए गए बयान से कांग्रेस भाजपा के निशाने पर आ गई। राहुल गांधी के बयान से खालिस्तान की मांग करने वाले पृथक्तावादी संगठन के प्रमुख गुरुपंत सिंह पन्नू को जहर उगलने का मौका मिल गया।

राहुल गांधी ने कहा था कि वो अल्पसंख्यकों को उनका हक दिलाने और उनको बैखौफ होकर जीने की आजादी दिलाने के लिए लड़ रहे हैं, उनकी लड़ाई इस बात की है कि भारत में सिखों को पगड़ी बांधने में डर न लगे, कड़ा पहनने से कोई न रोके, वे गुरुद्वारों में बेखौफ होकर जा सकें। इसके बाद खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने राहुल गांधी के बयान को बिल्कुल सही बताया। जो बात राहुल गांधी कह रहे हैं, वो बात पन्नू भी मानता है। राहुल और उसकी लाइन एक है। राहुल गांधी की खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने तारीफ कर दी। पन्नू ने एक बयान जारी करके कहा कि राहुल गांधी ने सिखों के बारे में जो कुछ बोला, उसमें खालिस्तान समर्थक संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' की बात का समर्थन है। बड़ी बात ये है कि राहुल गांधी की बात को उस सिख नौजवान भलिंदर सिंह ने भी गलत बताया जिसका नाम पूछ कर वॉशिंगटन में राहुल ने भारत में सिखों की स्थिति के बारे में गलतबयानी की थी। भलिंदर सिंह विरमानी ने खुद सोशल मीडिया पर अपना वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने उनका नाम पूछकर सिखों को लेकर जो कमेंट किया, वो पूरी तरह गलत था। भलिंदर सिंह ने कहा कि वो खुद भारतीय हैं, कुछ दिनों के लिए अमेरिका आए हैं, उन्होंने भारत में कभी नहीं देखा कि किसी सिख को पगड़ी पहनने या कड़ा पहनने से रोका गया हो या किसी को गुरुद्वारे जाने में कोई दिक्कत हुई हो।

देश में सिक्खों को लेकर प्यू रिसर्च सेंटर की सर्वे रिपोर्ट 2021 में प्रकाशित हुई थी। प्यू रिसर्च सेंटर ने यह सर्वे 2019 से 2020 के बीच कराया था। इस सर्वे में महज 14 फीसदी सिखों ने ही माना था कि भारत में सिखों के साथ भेदभाव होता है। मगर अधिकतर सिखों का मानना था कि उन्हें भारत में कोई भेदभाव नहीं दिखता। इस रपोर्ट के मुताबिक, करीब 95 फीसदी सिख खुद को भारतीय होने पर बहुत गर्व करते हैं। इतना ही नहीं, बहुमत यानी 70 फीसदी सिखों का मानना है कि जो व्यक्ति भारत का अनादर करता है, वो सिख हो ही नहीं सकता।

वॉशिंगटन डीसी में राहुल गांधी ने दुनिया भर में भारत-विरोधी प्रचार करने वाली अमेरिकी सांसद इल्हान उमर से मुलाकात की। इल्हान उमर डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता हैं, वो खुले तौर पर पाकिस्तान की हिमायती हैं, हर मंच पर भारत का विरोध करती हैं। राहुल गांधी अमेरिकी सांसदों के जिस प्रतिनिधिमंडल से मिले, उसमें इल्हान उमर को खासतौर पर बुलाया गया था। इल्हान उमर वही हैं, जिन्होंने 2022 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जाकर कहा था कि कश्मीर पर भारत का कोई हक नहीं है, भारत को कश्मीर छोड ?ा ही पड़ेगा। जून 2023 में इल्हान उमर अमेरिका की संसद में भारत के खिलाफ एक प्रस्ताव लेकर आई थीं, जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्रालय से अपील की गई थी कि वह भारत को एक ऐसा देश घोषित करे जहां पर धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का हनन होता है, जहां मुसलमान सुरक्षित नहीं है। कांग्रेस के नेताओं के पास इस बात का भी जवाब नहीं है कि राहुल गांधी पाकितान समर्थक इल्हान उमर से क्यों मिले? इल्हान तो हमेशा से भारत के खिलाफ रही हैं। कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग माना है। अनुच्छेद 370 पर राहुल गांधी का ढुलमुल रवैया रहा है। राहुल गांधी जम्मू कश्मीर के दौरे पर पार्टी नेताओं का फीडबैक लेने पहुंचे थे, तब भी वे अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर साइलेंट मोड में दिखे थे। हालांकि कांग्रेस जिस दल के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही उसका इस मुद्दे पर मत कुछ अलग है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने घोषणा पत्र में साफ कर दिया है कि अगर हमारी सरकार बनती है तो अनुच्छेद 370 और 35 ए की बहाली की जाएगी। हालांकि नेशनल कान्फ्रेंस किस आधार पर अनुच्छेद 370 की वापसी की बात कर रही है वो समझ से परे है। क्योंकि यह साधारण सी बात है कि केंद्र में सत्ता मिलने पर ही अनुच्छेद 370 की वापसी संभव हो सकती है। जाहिर सी बात है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस को केंद्र में बहुमत नहीं मिलने जा रहा है।

# कबड्डी-कबड्डी कबड्डी-कबड्डी



अपने बाल्यकाल में हम सबने बड़े चाव से कबड्डी का खेल खेला है। इस खेल की वैज्ञानिकता में जाएं तो यह कबड्डी का खेल हिंदुत्व को परिभाषित करता है। सुनने पर यह विचार मन में आ रहा होगा कि क्या खेलों में भी धर्म हो सकता है? इसका जवाब है नहीं, खेलों में धर्म नहीं हो सकता लेकिन खेल के उद्दभव का मूल अवश्य धर्म हो सकता है। इस खेल में हिंदुत्व का आशय पुर्नजन्म से है अर्थात एक सामान्य नियम से समझें तो कबड्डी में एक टीम का खिलाड़ी दूसरे खेमे में कबड्डी शब्द बोलते हुए दूसरी टीम के पाले में प्रवेश करता है और विपक्षी खेमें के किसी खिलाड़ी को छू कर सफलतापूर्वक आता है तो उसके टीम का कोई एक खिलाड़ी जीवित हो जाता है। भारतीय परंपरा में इसे पुनर्जन्म कहते है। विश्व की किसी भी संस्कृति में पुनर्जन्म की कोई मान्यता नहीं है यह केवल भारतीय संस्कृति में ही देखने को मिलता है। ठीक से समझे तो पुनर्जन्म एक भारतीय सिद्धांत है, जिसमें जीवात्मा के जन्म और मृत्यु के बाद पुनर्जन्म की मान्यता है। इस सिद्धांत के मुताबिक, शरीर का मरना जीवन का आखिर नहीं है, बल्कि जन्म-जन्मांतर की एक श्रृंखला है। ऋग्वेद से लेकर वेद, दर्शनशास्त्र, पुराण, गीता, योग जैसे कई ग्रंथों में पूर्वजन्म की मान्यता का ज़िक्र है। यही सिद्धांत कबड्डी के इस खेल में भी देखने को मिलता है।

इतिहास के पन्ने बताते है कि पांडवों में से एक अर्जुन ने भगवान कृष्ण के संरक्षण में कबड्डी सीखी थी। उन्होंने दुश्मन के जाल में चुपके से घुसने और अपने शरीर पर एक भी खरोंच के बिना किलेबंदी को ध्वस्त करने की कला में महारत हासिल किया था। कबड्डी को महाकाव्य ह्यमहाभारतह्ल के एक प्रसंग से भी जोड़ा जाता है। बताया जाता है कि अर्जुन पुत्र अभिमन्यु युद्ध के दौरान कौरवों द्वारा रचित ह्यचक्रव्यूहह्ल की सात-स्तरीय रक्षात्मक दीवार को भेदने में सफल तो रहे थे, लेकिन बाहर नहीं आ पाए और अंततः कौरवों की सेना द्वारा अभिमन्यु को मार दिया गया था। चक्रव्यूह में कुल सात दरवाजे थे। कबड्डी में भी सात खिलाड़ी (एक पाले में) होते हैं, उन्हें चकमा देकर बाहर आना होता है। इससे इतर कबड्डी का उल्लेख बौद्ध साहित्य में भी मिलता है। यह खेल अलग अलग नामों से बांगलादेश, नेपाल, श्रीलंका, मलेशिया और इंडोनेशिया में भी खेला जाता है जो कभी अखंड भारत का हिस्सा रहा है।

गुलामी के एक हजार वर्ष के कालखंड ने भारत को उसकी जड़ो से काट दिया। भारतीय भोजन, वस्त्र, मनोरंजन, पूजा पद्दति, जीवन शैली, व्यवहार, व्यवसाय में भारी परिवर्तन देखने को मिलता है। उसी गुलामी के कालखंड में भारतीय पारंपरिक खेल में भी बदलाव देखने को मिलता है। कबड्डी, शतरंज, खो-खो, कुश्ती, गिल्ली-डंडा, तीरंदाजी, गदा यह भारत के मुख्य खेल थे जो आज ओलंपिक में भी शामिल है लेकिन उसमें पारंगत विदेशी है और हम भारतीय विदेशी खेल क्रिकेट-फुटबॉल के श्रोता बन बैठे है। अंग्रेजो ने भारतीयों को और फिर हिंदी सिनेमा ने ऐसा क्रिकेट सिखाया की हमे अपना परंपरागत खेल के सही नाम तक नहीं पता हैं। विगत सौ वर्षों से कोई भारतीय खेलों को जीवंत रखने का कार्य कर रहा है तो वो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश का सबसे बड़ा समाजसेवी संगठन है जो समाज में भारतीय संस्कृति और परंपराओं एवं समरसता के प्रति जनजागरण करता है। शायद इसलिए इस संगठन को हिंदूवादी संगठन कहते है। आरएसएस अपने अस्सी हजार दैनिक शाखाओं में योग के साथ साथ भारतीय खेलों का भी अभ्यास कराता है। जैसे की खो-खो, कबड्डी, कुश्ती, दंड अभ्यास जिसमें बुद्धिमत्ता और गतिशीलता सीखने को मिलती है। कुछ बौद्धिक सत्र भी होते है जिसमे देश समाज के विषयों पर चिंतन होता है। ऐसे सत्रों एवं खेल खेलने से टीमवर्क और सामाजिक संपर्क बढ़ता है। सामाजिक समरसता आरएसएस के पंच प्रण में एक प्रण भी है जो कई दशकों से संघ अपनी शाखाओं में करता आ रहा है। युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़े रखने का काम संघ कर रहा है। आरएसएस प्रमुख का मानना है कि खेल जीवन के गंभीर रहस्य, ज्ञान, अनुशासन और संस्कारों के संगम होते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की शाखा पर खेले जाने वाले खेलों के पीछे का भाव भी यही है। खेल-खेल में देशभक्ति के भावों को जीवन में अपनाने की अनूठी पद्धति संघ ने अपने सौ वर्षों के समय में विकसित की है।

स्वतंत्रता के बाद से आरएसएस एवं ऐसे अन्य संगठनों ने भारतीय पारंपरिक खेल को समाज में जीवंत रखा जिसका परिणाम जानकर आपको आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि एशियाई खेलों में भारतीय कबड्डी टीम का दबदबा रहा है। साल 1990 के एशियाई खेल में, छह टीमों - भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान, चीन, जापान और नेपाल, ने राउंड-रॉबिन प्रारूप में प्रतिस्पर्धा की, जिसमें प्रत्येक टीम ने एक-दूसरे के खिलाफ एक बार प्रतिस्पर्धा की। भारत पूरे टूनार्मेंट में अपराजित रहा और स्वर्ण पदक हासिल किया।

साल 2002 तक हर संस्करण में राउंड-रॉबिन प्रारूप को फॉलो किया गया और भारतीय पुरुष टीम ने एशियाई खेल में कभी भी हार का सामना नहीं किया और सभी स्वर्ण पदक जीते।कतर के दोहा में आयोजित हुए 2006 एशियाई खेल में राउंड-रॉबिन लीग के बाद एक नॉकआउट राउंड शुरू किया गया था। लीग स्टेज के बाद शीर्ष दो टीमों के बीत स्वर्ण पदक का मुकाबला हुआ और तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें कांस्य पदक के लिए आपस में भिड़ीं। हालांकि, इस प्रारुप से भी भारत के प्रदर्शन पर कोई फर्क नहीं पड़ा और भारत ने अपने सभी लीग मैच जीतने के बाद फाइनल में पाकिस्तान को हराकर पांचवीं बार स्वर्ण पदक अपने नाम किया। एशियन गेम्स 2010 के बाद से पुरुष और महिला टीमों की कबड्डी प्रतियोगिताओं के लिए ग्रुप-स्टेज के बाद नॉकआउट प्रारूप का आयोजन किया जाने लगा। भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने 2010 और 2014 के संस्करणों में अजेय रहते हुए स्वर्ण पदक जीते। एशियाई खेल 2010 के सेमी-फाइनल में हारने वाले दोनों टीमों को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।

2014 के बाद से भारतीय खेलों के प्रति आमजन में एक सकारात्मकता देखने को मिलती है। भाजपा के नेतृत्व में नरेंद्र मोदी की सरकार ने खेलों में हमारी पारंपरिक कला को एक नई पहचान दिया। पर्याप्त धन की व्यवस्था, बड़े मैदान, अच्छे ट्रेनर, सुसज्जित ट्रेनिंग सेंटर की व्यवस्था भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार ने किया। जिसका परिणाम कबड्डी में भी देखा जा सकता है। आज भारतीय समाज को भी इन खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने की जरूरत है।

हम केवल आर्थिक रूप से सबल नहीं बने बल्कि शारीरिक और मानसिक रूप से भी समृद्ध हो। हम ओलंपिक और एशियन खेलों में भारत का झंडा बुलंद करें क्योंकि हम भारतीय खेल भूले है खेलना नहीं, आज भी वो अध्भुत कौशल भारतीयों के रग-रग में है बस निखारने की जरूरत है।

# जम्मू-कश्मीर में मोदी दांव के निहितार्थ

श्रीनगर में आज वह शांति व्याप्त है, जो पिछले कई सालों में देखने को नहीं मिली थी। पार्क फुटबॉल खेलते बच्चों से भरे हुए हैं और अभिभावक आसपास बैठकर गपशप कर रहे हैं। लाल चौक काफी सुथरा है, एक विशाल होर्डिंग पर गर्भावस्था परीक्षण किट का विज्ञापन प्रदर्शित है। बंध रोड पर बने एक मॉल में ह्यस्टारबक्सह्ल रेस्तरां भी खुल गया है, जिसकी निगहबानी सामने लगी चिनार के पेड़ों की ऊंची कतार करती प्रतीत होती है। ऑटो और उबर वाले (जो अभी शाम को पंथा चौक की सवारी नहीं चाहते) और दुकानदार कश्मीर घाटी में भारतीय पर्यटकों की वापसी से खुश हैं। स्कूल भरे हुए हैं और साल भर खुले रहते हैं झ प्रेजेंटेशन कॉन्वेंट के बाहर एक इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड पर सूक्ति लिखी है, जिसका भावार्थ हैः ह्यएक अच्छा छात्र वही, जो ज्ञान के कुएं में डुबकी लगाकर घूंट भरेह्ल। तथापि, एक गहरी सांस लें और झेलम नदी के तट पर खड़े होकर तनिक सोचें झ क्या यह शांति तूफान से पहले की है? तब क्या होगा यदि लोगों को पता चले कि 1 अक्तूबर को विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद, जम्मू-कश्मीर का निजाम भी ह्यदिल्ली के आधी-अधूरी शक्तियों वाले मॉडलह्ल की तर्ज पर बना दिया गया? पिछले सप्ताह के शुरू में, एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए वादे के बावजूद, पूर्ण राज्य का दर्जा लौटना इतना आसान नहीं है, कम-से-कम फिलहाल तो नहीं। वह स्थिति, जब पीएम मोदी के चुने व्यक्ति यानि उपराज्यपाल के पास भूमि और कानून-व्यवस्था जैसे शक्तिशाली विभागों का प्रभार रहेगा,जबकि बाकी का काम एक निर्वाचित मुख्यमंत्री चलाए। कहीं ऐसा तो नहीं कि यह शांति तूफान गुजरने के बाद की हो झ क्या लोगों को अहसास हो चुका है कि अब पत्थरबाजी या विरोध प्रदर्शनों या उग्रवाद में शामिल होने का कोई औचित्य नहीं है? निश्चित रूप से, देश में किसी भी अन्य कौम से ज्यादा- मणिपुरियों के अतिरिक्त -कश्मीरी इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि एक गलत कदम केंद्र को सख्त कार्रवाई करने के लिए उकसाएगा। साल 2019 की अगस्त की एक सुबह श्रीनगर के एक उपनगर सौरा में लोगों के विरोध प्रदर्शन को डराने के लिए की गई भारी गोलीबारी की धुंधलाती यादें इसकी याद दिलाती हैं।

> **शायद, यह शांति तूफान के कारण है। यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी ने फिर से पासा फेंका है और अपने ताश के सबसे महत्वपूर्ण इक्कों को चल रहे हैं। मोदी जानते हैं कि दांव -विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय पटल पर- बहुत बड़ा है। वर्तमान अमेरिका यात्रा के दौरान उनकी मुलाकात वैश्विक नेताओं से हो रही है**

शायद, यह शांति तूफान के कारण है। यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी ने फिर से पासा फेंका है और अपने ताश के सबसे महत्वपूर्ण इक्कों को चल रहे हैं। मोदी जानते हैं कि दांव -विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय पटल पर- बहुत बड़ा है। वर्तमान अमेरिका यात्रा के दौरान उनकी मुलाकात वैश्विक नेताओं से हो रही है, वे उनसे कश्मीर के बारे में भी बात करें, यह स्वाभाविक है। इसलिए मोदी को अन्य की अपेक्षा सबसे अधिक भान है कि मौजूदा चुनाव होने से तमाम फर्क पड़ेगा झ या तो इससे उनकी विश्वसनीयता बढ़ेगी या उन पर शक और गहराएगा। वस्तु स्थिति यह है, जिस प्रकार हालिया लोकसभा चुनावों में उनका प्रभाव मद्धम पड़ा, उसके मद्देनजर, यदि हरियाणा और महाराष्ट्र में भी धक्का लगा तो उनकी स्थिति और कमजोर पड़ेगी। लेकिन कश्मीर का मामला अलग है।

यह चुनाव केवल इसको लेकर नहीं है कि जीत किसकी होगी झ हालांकि,यदि भाजपा किन्हीं पैंतरों से किसी तरह सरकार बनाने में कामयाब हो जाती है, तो यह उपलब्धि न केवल टोपी में नया फुंदना होगी बल्कि न थमने वाले उन्मादी प्रचार की वजह भीझ जिसको पिछले पांच सालों की ह्यकारगुजारीह्ल पर आया जनता का फैसला ठहराया जाएगा। इस तथ्य के अलावा कि कुछ सार्वजनिक परियोजनाओं के ठेके पूर्वी उत्तर प्रदेश के ठेकेदारों को मिले हैं -जो कि लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा का गृह क्षेत्र है झ हकीकत यह है कि गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कुछ सबसे काबिल अधिकारियों और सैनिकों ने मिलकर बढ़िया परिणाम कर दिखाया है, जो आतंकवाद में आई कमी में स्पष्ट दिखाई देता है।

इसीलिए यह चुनाव अलग है। यह निश्चित रूप से आतंकवादियों की नई भर्ती में कमी आने के बारे में है झ जिनकी संख्या अब कश्मीर घाटी में 75 तो इतनी ही जम्मू क्षेत्र में बताई जाती है झ किंतु यकीकन यह गिनती केवल इतनी नहीं हो सकती। इन गर्मियों में, भारतीय सेना ने न केवल जवानों को खोया, बल्कि असामान्य संख्या में अधिकारियों को भी, जिन पर घात लगाकर हमला करने वालों में अधिकांशतः उच्च प्रशिक्षित एवं उकसाए गये आतंकवादी थे, जो अमेरिका निर्मित घातक एम-4 असॉल्ट राइफल जैसे घातक हथियारों से लैस थे झ संभवतः अफगान युद्ध से चुराए गए झ वे अंतर्राष्ट्रीय सीमा के नीचे से सुरंग खोदकर जम्मू में दाखिल हुए और भारतीय सैनिकों को अचानक आ घेरा। तथापि, भारतीय सेना को यह श्रेय है कि उसने नियंत्रण रेखा झ जहां पर पाकिस्तान के साथ युद्ध विराम समझौता कायम है झ और साथ ही जम्मू क्षेत्र में फिर से खुद को संगठित किया है। लगता है कमोबेश अपनी बढ़त वापस पा ली है। यह चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में लिए गए अब तक के सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक फैसलों में एक रेखा खींचेगा। जब अगस्त की एक सुबह अनुच्छेद 370 को एक आदेश के जरिये हटा दिया गया और राज्य के चारों ओर सुरक्षा आवरण बुन दिया गया।

ujalasanchar376@gmail.com

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक
उजाला संचार

संक्षिप्त समाचार

## माताओं ने जीवित्पुत्रिका व्रत रखकर अपने पुत्र के लिए ईश्वर से प्रार्थना की

### समाजसेवी युवा नेता संदीप यादव ने माताओं से लिया आशीर्वाद



**उजाला संचार, (नंदगंज) गाजीपुर।** आज बुधवार को नंदगंज और आसपास क्षेत्र के माताओं ने अपने पुत्र के लिए जीवित्पुत्रिका व्रत 'जीउतिया व्रत रखा ।उन्होंने पुत्र की दीघार्यु के लिए सभी माताएं बहनें निर्जला उपवास और पूजा-अर्चना किया।आश्विन माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को माताओं द्वारा अपनी संतान की आयु, आरोग्य तथा कल्याण हेतु इस व्रत को किया।समाज सेवी संदीप यादव ने ग्राम सभा बासूचक,पहाड़पुर,रामपुर मांझा में पहुंच कर माताओं और बहनों से आशीर्वाद लिया।

## शहीद स्मारक इंटर कॉलेज नंदगंज में जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छता के प्रति मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**उजाला संचार, (नंदगंज) गाजीपुर।** सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक के कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय विद्यालय शहीद स्मारक इंटर कॉलेज नंदगंज में जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें विद्यालय के समस्त छात्र -छात्राओं एवं समस्त अध्यापकों ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता के प्रति सभी को जागृत करने का प्रयास किया गया। प्रधानाचार्य उदयराज ने अपने सम्बोधन में सभी को स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश दिया।प्रवक्ता गौरव प्रताप सिंह ने सभी छात्र -छात्राओं को अपने माध्यम से अपने घर, गांव और समाज में सभी नागरिकों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने को कहा गया।कार्यक्रम में विरेन्द्र नाथ राम, सतेन्द्र सिंह, गिरीश चौबे,वीर प्रताप सिंह, अशोक सिंह, रविन्द्र नाथ, संजय कुमार, हरिश्चंद्र राम, धर्मेंद्र यादव, सत्यनारायण पाण्डेय,महेश कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## अन्तर्जनपदीय वाहन चोरी गिरोह का पदार्फाश, दो गिरफ्तार

### 9 मोटर सायकिल, दो कटी हुई मोटर सायकिल के पार्ट्स बरामद

**उजाला संचार, आजमगढ़।** जनपद की पवई थाना पुलिस ने बुधवार को वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए अर्न्तजनपदीय चोर व उसके साथी को गिरफ्तार करने का दावा किया है।पुलिस ने अभियुक्तों के पास से नौ मोटर सायकिल व दो मोटर सायकिल के पार्ट्स बरामद किये हैं। अभियुक्तों ने बताया कि वे मोटर सायकिलों में कूट रचित तरीके से फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर बेचने का भी काम करते थे।एएसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह द्वारा अलीनगर तिराहे पर 24 सितम्बर को वाहनों की चेकिंग की जा रही थी, इस दौरान कलान की तरफ से एक मोटर साइकिल आती हुई दिखायी दी, जिसे रुकने का इशारा किया गया तो वह घबराकर गाड़ी घुमाकर पुनः कलान की तरफ भागने का प्रयास करने लगा जिसे पुलिस बल द्वारा पकड़ लिया गया।वाहन के कागजात मांगे गये तो नहीं दिखा सका तथा वाहन स्वामी का नाम पता भी नहीं बता सका ।मोटर साइकिल पर लगे नं0 प्लेट को ई-चालान ऐप पर चेक किया गया तो वाहन स्वामी का नाम चित्रांगदा सिंह पत्नी वंशराज सिंह निवासी गोविन्दपुर राजेपुर कोपा जलालपुर अम्बेडकरनगर पाया गया तथा मोटर साइकिल के चेचिस नं0- को ई-चालान ऐप पर चेक किया गया तो वाहन स्वामी का नाम विजय कुमार उपाध्याय पुत्र कुलश्रेष्ठ उपाध्याय निवासी सौरिया थाना खुटहन जनपद जौनपुर पाया गया । उक्त मोटर साइकिल के रजिस्ट्रेशन नं0 व चेचिस नं0 में भिन्नता पाये जाने के सम्बन्ध में पूछताछ किया गया तो उक्त व्यक्ति ने अपना नाम राजेन्द्र राजभर उर्फ राजू उर्फ पप्पू पुत्र रामसिंगार राजभर निवासी लोनरा प्रतापपुर थाना अखण्डनगर जनपद सुल्तानपुर बताया तथा भागने के सम्बन्ध में बताया कि उसने यह मोटर साइकिल लगभग एक माह पूर्व शाहगंज तहसील से चोरी किया था तथा लोगों को धोखा देने के लिए फर्जी तरीके से मूल्यवान नम्बर प्लेट का कूटरचना करके दूसरा फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर बेचने के लिए जा रहा था।

# बिजली कटौती और लो वोल्टेज से जनता परेशान

## संविदा बिजली कर्मचारियों की मेहनत भी नहीं ला पा रही है रंग

उजाला संचार

**(नंदगंज) गाजीपुर।** नंदगंज आसपास के लोग जहां एक तरफ बिजली कटौती से परेशान है वही आज 1:28 पर 33 हजार का तार बस कैफे हाईवे के पास टूट जाने के कारण नंदगंज और आस पास के लोगों को बिजली के लिए परेशान होना पड़ा। आए दिन हो रहे हैं बिजली फाल्ट के वजह से लोगों को बिजली सुचारू रूप से नहीं मिल पा रही है।

संविदा कर्मचारियों को फाल्ट की सूचना मिलने पर संविदा कर्मी फॉल्ट खोजना शुरू किए फॉल्ट खोजते खोजते संविदा कर्मचारी सादात तक गए साथ में नंदगंज पावर हाउस के जेई पंकज



रावत,सरकारी कर्मचारी विभाग के संविदा कर्मचारी सलाउद्दीन,महेंद्र,और बिजली इरफान, मन्नू, लक्ष्मी नारायण पटेल, शाहरुख,श्याम नारायण संदीप भी मौजूद थे।

विद्युत कर्मचारी की लगातार मेहनत के बाद आज नंदगंज पावर हाउस से जुटे गांव के लोगों को और नंदगंज नगर के लोगों को आज 7 बजे शाम में बिजली मिल पाई।

बिजली न रहने के कारण आसपास के लोगों को उमस भरी गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ा बीमार बच्चे बूढ़े सब बरसात की उमस भरी गर्मी से परेशान दिखे । यहां के लोगों ने बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों की मेहनत की तारीफ करते हुए कहा कि इन्ही कर्मचारियों से लोगों को बिजली मिल पा रही है।

## अतिक्रमण के विरोध में व्यापारियों ने किया बंद का आह्वान किया

उजाला संचार

**अछनेरा।** किरावाली कस्बे में मंगलवार को तहसील प्रशासन ने बाजार में अतिक्रमण हटवाया था। जिसके विरोध में बुधवार को व्यापारियों ने सुबह 10 बजे से बाजार बंद रख कर चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि विनोद अग्रवाल, अमरपाल मुखिया, घंसू सरपंच आदि ने धरने पर पहुंचे नायव तहसीलदार एचएल चौधरी से अतिक्रमण हटाने के तरीके पर आक्रोश व्यक्त किया और कहा कि बिना नोटिस और पूर्व सूचना के दुकानदारों का निर्माण ध्वस्त कराया गया। तथा उत्तर प्रदेश सरकार के गरीब दुकानदारों को किये गए वादों का उल्लंघन किया जा रहा है। और कस्बे के दुकानदारों का अतिक्रमण हटाने की आड़ में उत्पीड़न किया जा रहा है जो कि सहन नहीं किया जाएगा।जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा ने उत्पीड़न बन्द नहीं होने पर तहसील के अंतर्गत अन्य बाजारों को बन्द कराकर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। नायब तहसीलदार एच एल चौधरी ने कहा की दो दिन में दुकानों की छत बाहर लगे टीनशेड और अस्थाई और स्थायी निर्माण व्यापारी स्वयं हटा लें। जिस पर व्यापारियों ने शर्त मान ली और अपरान्ह दो बजे धरना समाप्त हुआ।इस दौरान किरावली थाना प्रभारी केवल सिंह, उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह व पुलिस बल तैनात रहा।

## गोपीनाथ प्राइवेट आईटीआई कैंपस सलेक्शन में ढ़ाई लाख के पैकेज पर 100 छात्रों को मिला रोजगार

उजाला संचार

**(बहादुरगंज) गाजीपुर।** आज गोपीनाथ प्राइवेट आईटीआई कैंपस सलेक्शन में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट पास 100 छात्र-छात्राओं का सलेक्शन किया गया। आज जे.बी.एम कम्पनी अहमदाबाद गुजरात द्वारा गोपीनाथ प्राइवेट आईटीआई में कैंपस सलेक्शन का आयोजन किया था, जिस में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

कम्पनी द्वारा आनलाईन मोड में छात्र-छात्राओं से इंटरव्यू लिया गया, जिसमें कम्पनी ने 100 छात्रों को 2.5 लाख रू पैकेज की सैलरी पर ट्रेनिंग हेतु चयन किया, अब इन चयनित छात्र-छात्राओं को अहमदाबाद गुजरात मारूति कंपनी में ट्रेनिंग के पश्चात इन्हें ड्यूटी पर लगाया जाएगा।

इस बारे में जानकारी देते हुए




गोपीनाथ प्राइवेट आईटीआई के कार्यवाहक प्राचार्य वरूणेश पांडेय ने बताया कि आज कैंपस सलेक्शन में बड़ी संख्या में अलग अलग जगहों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें से कंपनी द्वारा 100 छात्रों को चयनित कर लिया गया है अब ये छात्र गुजरात जा कर कंपनी के साथ कार्य करेंगे। आगे उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह के कैंपस प्लेसमेंट जारी रहेंगे और गांव के छात्रों को भी घर बैठे नौकरी के अवसर प्राप्त होंगे।

## महिलाओं ने पुत्र के कल्याण के लिए निर्जला रह किया जीवित्पुत्रिका व्रत

उजाला संचार

**(भांवरकोल)गाजीपुर।** पुत्र के दीघार्यु की कामना व आस्था के साथ महिलाओं के द्वारा जिउतिया का पर्व मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न गंगा घाटों पर दोपहर में व्रती महिलाओं ने पवित्र गंगा में आस्था का डुबकी लगाई एवं मां गंगा को सोने, चांदी से बने जिउतिया एवं साड़ी चढाक र पुत्र के कल्याण की मंगल कामना की और महिलाओं के द्वारा जिउतिया पर्व की कथा सुना गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ पूजा अर्चना करते हुए कथा सुनी। पूजा अर्चना के दौरान पुत्र की दीर्घ, आरोग्य और सुखमयी जीवन के लिए महिलाओं ने निर्जला उपवास के साथ व्रत शुरू की तीज की तरह यह व्रत भी बिना आहार और निर्जला रखना पड़ता है। तीन दिन तक चलने वाले इस व्रत को छठ पर्व की तरह बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस व्रत को स्थानीय भाषा मे जिउतिया कहा जाता है। क्षेत्र के



सियाड़ी गांव निवासी कर्मकांड के विद्वान पंडित हृषिकेश तिवारी ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार महाभारत के युद्ध में पिता की मौत के बाद अश्वत्थामा बहुत नाराज था। सीने में बदले की भावना लिए वह पांडवों के शिविर में घुस गया। शिविर के अंदर पांच लोग सो रहे थे। अश्वत्थामा ने उन्हें पांडव समझकर मार डाला। कहा जाता है कि सभी द्रौपदी की पांच संतानें थीं। अर्जुन ने अश्वत्थामा को बंदी बनाकर उसकी दिव्य मणि छीन ली। क्रोध में आकर अश्वत्थामा ने अभिमन्यु की पत्नी के गर्भ में पल रहे बच्चे को भी ब्रह्मास्त्र से मार डालने की कोशिश की। ऐसे में भगवान कृष्ण ने अपने सभी पुण्यों का फल उत्तरा की अजन्मी संतान को देकर उसके गर्भ में पल रहे बच्चे को पुनः जीवित कर दिया। भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से जीवित होने वाले इस बच्चे को जीवित्पुत्रिका नाम दिया गया।

## विभिन्न समस्यायों को लेकर भाकपा द्वारा उप जिलाधिकारी जखनिया कार्यालय पर दूसरे दिन भी धरना जारी

उजाला संचार

**(जखनिया) गाजीपुर।** 25 सितम्बर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से जखनिया तहसील उप जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष आज दूसरे दिन धरना जारी रहा। विदित हो कि यह कार्क्रम इसलिए शुरू किया गया क्योंकि दो वर्षों से धर्मागत पुर मे एक व्यक्ति ने गांव के बहने वाली नाली की भूमि को कब्जा कर लिया है। गांव में जाने वाली सड़क पर अतिक्रमण कर लिया गया है ।जिससे समस्या बनी हुई है ।इस सम्बन्ध में प्रार्थनापत्र,डी एम,उपजिलाधिकारी,तहसीलदार , को दिया गया।आंदोलन भी हुआ परन्तु आज तक उसका समाधान नही हुआ। इतना ही नही तमाम जन सवालों पर लोकसेवकों का कोई ध्यान नही



है ।अपने कर्तव्यों से विमुख है। भ्रष्टाचार में प्रशासन आकंठ में डूबा हुआ है ।शासन द्वारा आम लोगो के हित में लोकसेवको की नियुक्ति हुई है ।परन्तु ये शासन को ही चुना लगा रहे है ।खेतो की पैमाइश में लेखपालों,कानूनगो व्यापक धन उगाही कर रहें है। धरने को सम्बोधित करते हुए नेताओं ने जोर देकर कहा कि तहसील प्रशासन 28 सितम्बर से पहले समस्या का समाधान नही किया तो 28 को बड़ा कार्यक्रम होगा। धरने को भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य अमेरिका सिंह यादव,जिला सचिव जनार्दन राम,राम अवध,मार्क्सवादी पार्टी के जिला मंत्री विजयबहादुर सिंह,फूल मैन,रामजन्म राम,योगेंद्र यादव,वीरेंद्र गौतम,हरिलाल, मोहन प्रसाद,राम अवध मास्टर, मोहन यादव,राजेंद्र प्रसाद,अम्बिका चौहान, हरिनाथ प्रजापति आदि ने सम्बोधित किया। धरने का कार्यक्रम जारी है ।अध्यक्षता सुभाष राजभर एवं संचालन अवधनारायण ने किया।

## राष्ट्रीय लोकदल नवीन पदाधिकारियों का स्वागत किया

उजाला संचार

**टूंडला।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह केंद्रीय मंत्री भारत सरकार के निदेर्शानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण पटेल के अनुमोदन एवं ब्रज क्षेत्र किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कुलदीप चौधरी ने ब्रज क्षेत्र कार्यकारिणी में जनपद फिरोजाबाद से आचार्य राजवीर सिंह को उपाध्यक्ष व निरंजन सिंह पोनिया को महासचिव तथा राजवीर सिंह को जनपद फिरोजाबाद का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया।इनके मनोनीत होने पर सभी का राष्ट्रीय लोकदल कार्यकताओं ने उक्त नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए पदाधिकारीयो का फूल माला पहनाकर स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया। स्वागत करने वालों में देशराज सिंह जिला अध्यक्ष



फिरोजाबाद महेंद्र सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष नेपाल सिंह ठैनुआ उपाध्यक्ष शेर सिंह राणा कोषाध्यक्ष डॉ दुर्वेंद्र सिंह बिपति सिंह उदयवीर सिंह भोजराज सिंह आदि लोगों ने फूलमाला एवं पगड़ी पहनकर स्वागत किया।

## श्री कृष्ण जन्मभूमि केस हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष ने प्रत्येक दिन सुनवाई को लगाई गुहार

### अगली सुनवाई 30 सितंबर को

उजाला संचार

**मथुरा।** बुधवार इलाहाबाद हाई कोर्ट में श्री कृष्ण जन्मस्थान से संबंधित सभी मुकदमों पर सुनवाई हुई, श्री कृष्ण जन्म भूमि ईदगाह मामले मे हिंदू पक्षकार दिनेश शर्मा फलाहारी ने बताया कि मंगलवार न्यायालय में उन सभी वादों पर सुनवाई हुई जिसमें जन्म स्थान से ईदगाह मस्जिद और मीना मस्जिद को हटाने का केस किया गया था, बहस के दौरान हिंदू पक्ष ने प्रत्येक दिन केस की सुनवाई करने का अनुरोध माननीय न्यायालय से किया, माननीय न्यायाधीश मयंक जैन ने 30 सितंबर को सुनवाई की तारीख देते हुए कहा कि अभी इस प्रकार की व्यवस्था नहीं की जा सकती जो प्रतिदिन सुनवाई




हो सके ,दिनेश शर्मा ने कहा कि अब मुकदमा गवाही पर आ गए हैं माननीय न्यायालय जब चाहेगा तब संपूर्ण भारतवर्ष सहित ब्रज के संत, पीठाधीश गवाही को तैयार हैं,उन्होंने कहा कि मुस्लिम पक्ष बार-बार मामले को लटकाने का प्रयास करता है मुस्लिम पक्ष के पास कोई भी ठोस साक्ष्य नहीं है, उन्होंने कहा कि हिंदू पक्ष को अब बहुत बड़ी उम्मीद है न्यायालय से क्योंकि न्यायालय भी सबूत के आधार पर फैसला देता है, उन्होंने कहा कि यदि न्यायालय में गवाही जल्द से जल्द हो जाए तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा, लेकिन मुस्लिम पक्ष नहीं चाहता कि सुनवाई जल्द हो क्योंकि मुस्लिम पक्ष को डर सता रहा है कि बिना सबूत के आधार पर फैसला उनके खिलाफ हो सकता है।

## लव जिहाद की सूचना पर समुदाय विशेष के लड़के और हिंदू लड़की को होटल से पकड़ा

उजाला संचार

**टूंडला।** थाना टूंडला क्षेत्र के एक होटल से हिंदू वादी संगठन के सदस्यों ने लव जिहाद की सूचना पर एक मुस्लिम लड़के व हिंदू लड़की को पकड़ा जिन्हे पूछताछ कर थाना पुलिस के हवाले किया गया।मिली जानकारी के अनुसार एक दूसरे समुदाय के युवक अरबाज और हिंदू लड़की जो नगर के रेस्ट कैंप निवासी बताए गए हैं। को हिंदू वादी संगठन पदाधिकारियों ने लव जिहाद की सूचना पर राधा कृष्ण गेस्ट हाउस एटा रोड से दोनों को पकड़ा जिन्हे थाना टुंडला पुलिस के सुपुर्द किया। थाना प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि लड़की के मां बाप को थाने बुलाया गया जहां उन्होंने कोई कार्यवाही नहीं चाही जिस पर लड़की को उसके मां बाप के हवाले सौंप दिया है। लड़का लड़की को होटल से पकड़ने वाले हिंदू वादी संगठन के मयंक ठाकुर,रामपाल सिंह,जितेन्द्र कुमार जैन पंकज जैन रवि चौहान सुरजीत सिसोदिया बंटी भाई तथा अन्य लोग शामिल रहे जिन्होंने बताया कि लव जिहाद की सूचना पर समुदाय विशेष के एक लड़के और हिंदू लड़की को नगर के एक होटल से पकड़ पुलिस को सौंपा गया था जिसमें क्या कार्यवाही की गई इसकी जानकारी की जा रही है।

## सादात में राष्ट्रीय राज्य मार्ग 124 डी का संरचना नोटिस आते ही जोरों से रोड निर्माण का कार्य हुआ शुरू

उजाला संचार

**(सादात) गाजीपुर।** सैदपुर, मरदह वाया सादात निमार्णाधीन मार्ग पर सादात के संरचना का अवार्ड काफी दिनों से अधर में था जिस कारण सादात में रोड निर्माण कार्य रुका हुआ था, मंगलवार से क्षेत्रीय लेखपाल रामाशंकर सिंह द्वारा संरचना प्रतिफल नोटिस मकान मालिकों को दिया जा रहा है एवं लेखपाल द्वारा बताया भी जा रहा है की जिनका मकान अधिग्रहण कर लिया गया है वह लोग जल्द से जल्द फाइल जमा कर प्रतिफल प्राप्त कर लें ' 77 नोटिस में 133लोग अच्छादित हैं। अवार्ड घोषित व नोटिस जारी होते ही ऐंन एच आई द्वारा जोर -सोर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया ' एन एच के इंजिनियर नागेद्र यादव ने बताया कि सादात बाजार में



नाला निर्माण 15 दिन में तैयार कर देना है जिसकी वजह से निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है।

वहीं कुछ लोगों का कहना है कि आबादी वर्ग 6(2) मालिकाना हक वाली भूमि से सरकारी जमीन बताकर सरकार केवल एक गुणा प्रतिफल दे रही है एवं लोगों का आशियाना उजाड़ रही है जो नियम विरुद्ध है नियमानुसार 2गुणा प्रतिफल मिलना चाहिए तथा उजड़े आशियाना वाले गरीबों का पुनर्वास करना चाहिए।

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक
उजाला संचार

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम डैशबोर्ड, विकास कार्यों निर्माण कार्य का समीक्षा मंडलायुक्त ने किया



**गोरखपुर।** शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता एवं सीएम डैशबोर्ड संबंधित कार्यों की समीक्षा सहित लोक निर्माण विभाग सड़क निर्माण एवं सड़क को छोड़कर अन्य निर्माण कार्य हो रहे कार्यों सेतु निर्माण जल कल योजना ग्रामीण की समीक्षा मंडलायुक्त सभागार में मंडलायुक्त अनिल अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई महाराजगंज देवरिया कुशीनगर जिले के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे गोरखपुर जनपद के जिला स्तरीय अधिकारी सभागार में मौजूद रहे प्रमुख रूप से सीडीओ संजय कुमार मीना सीएमओ आशुतोष दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे हैं कई पैथोलॉजी व अल्ट्रासाउंड सेंटर

**उजाला संचार, कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र में दर्जनों अवैध हॉस्पिटल ,पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहे हैं. कोई अस्पताल दो कमरे में चल रहा है तो कोई किराए के मकान में इनमें ज्यादातर तो झोलाछाप डॉक्टर इलाज के नाम पर मरीजों से पैसा वसूली कर रहे हैं. गांवों में संचालित अवैध अस्पतालों पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड में प्रशिक्षित डाक्टर स्टाफ नर्स नहीं होती हैं और न ही ट्रेड टेक्नीशियन रखे जाते हैं. इस तरह के अस्पतालों में लापरवाही की हद तो यह है कि दुसरे के नाम या दुसरे की डिग्री पर चिकित्सक गंभीर बिमारियों के मरीजों का ऑपरेशन करते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, जिम्मेदारों की मिलीभगत से क्षेत्र के कोटवा बाजार,पकडीयार बाजार,ढोलहा, नौरंगिया, बिहारी छपरा, कान्ति चौराहा,नेबुआ रायगंज में स्थानीय जिम्मेदारों के सह पर दर्जनों अबैध रुप से पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड सेंटर, निजी हास्पिटल सैकड़ों मेडिकल स्टोर निर्वाध रुप से चल रहे हैं। बता दें कि पूर्व में अनेकों हास्पिटल में सर्जरी के दौरान मौत हुई है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव से टेलीफोन वार्ता करने के दौरान भड़क गए और कहें कि आप ही पता करीए।

### सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 22 भूमिहीन मुसहर परिवारों को पट्टा प्रमाण पत्र वितरित किए: डा0 असीम कुमार राय

**उजाला संचार, तमकुहीराज कुशीनगर।** तहसील तमकुहीराज के ग्राम सभा जवहीं दयाल के मुसहर टोली में क्षेत्रीय विधायक तमकुहीराज डा0 असीम कुमार राय ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत दिनांक 25/09/024 दीन बुधवार को आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म दिवस पर विशेष कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 22 मुसहर भूमिहीन परिवार को पट्टा प्रमाण पत्र वितरण किए वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राय ने कहा कि लक्ष्य अंत्योदय, पथ अंत्योदय, प्रण अंत्योदय के प्रेरणास्त्रोत, प्रखर राष्ट्रवादी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शिल्पी व राष्ट्रीय जनसंघ के अध्यक्ष रहे पं० दीन दयाल उपाध्याय जी का पूरा जीवन सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण का अनुपम उदाहरण हैं। एकात्म मानववाद जैसी प्रगतिशील विचारधारा और अपने अंत्योदय सिद्धांत से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सामाजिक विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का जो मार्ग पं० दीन दयाल उपाध्याय जी ने दिखाया था,। हमारी सरकार उसका अक्षर शः अनुसरण करते हुए सर्व कल्याण के लिए कटिबद्ध हैं। उसी के क्रम में पं० दीन दयाल उपाध्याय जी के जयंती के अवसर पर आज अपने विधान सभा क्षेत्र तमकुहीराज के ग्राम सभा जवही दयाल के मुसहर टोली प्राथमिक विद्यालय में बाढ़ से विस्थापित 22 भूमिहीन मुसहर परिवारों को पट्टा प्रमाण पत्र वितरित किया गया है । इस दौरान उपजिलाधिकारी तमकुहीराज विकास चंद्र, तहसीलदार तमकुहीराज चंदन शर्मा ,सुनील राय, राजू राय, बृजनंदनन्दन राय, नगर पंचायत अध्यक्ष सेवरही त्रिभुवन जयसवाल, आलोक शाही ,अनुप राय प्रबंधक पीजी कालेज बनरहा आदि लोग मौजूद रहे।



# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बूथ स्तर पर सेवा और महा सदस्यता दिवस के रूप में मनायी गयी

उजाला संचार

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को कुशीनगर जिला में बूथ स्तर पर ₹सेवा और महा सदस्यता दिवस₹ के रूप में मनाया। पार्टी के जनप्रतिनिधि,नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता जनपद के सभी बूथों पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और गांवों में घर घर जाकर लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय फाजिलनगर विधानसभा के बूथ संख्या 245 बेलवा बुजुर्ग में पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित किया और महासदस्यता अभियान के अन्तर्गत घर घर सम्पर्क कर लोगों को भाजपा की





सदस्यता दिलाया।इस मौके पर जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी आजीवन राजनीति में शुचिता व पारदर्शिता के लिए संकल्पित रहे। उनके अंत्योदय के विचार से सामाजिक समरसता को बल मिला। देश के गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर उज्ज्वल भविष्य के निर्माण पर बल देने वाले दीनदयाल उपाध्याय जी के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के सिद्धांतों पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचा रहे हैं।प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के सपनों का भारत बनाने के लिए उनके द्वारा बताए गए रास्ते का अनुसरण करते हुए बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ समाज के हर तबके तक पहुंचाने हेतु भाजपा निरंतर कार्यरत है।

इसी तरह जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल पडरौना विधानसभा के सेमरा हर्दो बूथ संख्या 368 शुक्ल पट्टी में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया और महासदस्यता अभियान में सहभागिता करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी कल भी प्रासंगिक थे, आज भी प्रासंगिक हैं, और आगे भी रहेंगे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय राजनीति और राष्ट्रवादी विचारधारा के एक ऐसे स्तंभ हैं, जिन्होंने न केवल जनसंघ की नींव रखी बल्कि ₹एकात्म मानवदर्शन₹ और ₹स्वदेशी₹ के विचारों को भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग बनाया।

जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द अपने बूथ सेमरा हर्दो बूथ संख्या 340 पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि एकात्म मानववाद के प्रणेता, भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा-पुंज श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा और जन-जन के उत्थान को समर्पित रहा। पंडित जी ने 'अंत्योदय' के मंत्र से देश के वंचित वर्ग के उत्कर्ष और राष्ट्र की आत्मनिर्भरता के जो दृष्टांत उन्होंने प्रस्तुत किए हैं भारतीय जनता पार्टी सरकार उनका अनुकरण कर पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

## जाली नोटों के कारोबार में वांछित चल रहे 25 हजार रुपये का इनामिया बदमाश पुलिस मुठभेड़ गिरफ्तार

उजाला संचार

**तमकुहीराज कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 25.09.2024 को थाना सेवरही, थाना तमकुहीराज, थाना तरयासुजान व थाना साइबर की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बिनटोलिया आम के बगीचे के पास मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी।

चेकिंग के दौरान एक मोटर साइकिल वाहन आते दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तारी हेतु रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन पर सवार बदमाश द्वारा कुछ दुर पहले रुककर लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी आत्मरक्षा/प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी जिसमें वह घायल हो गया जिनकी पहचान मुस्तकीम पुत्र कलाम सा0 भूलिया अगरवा थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर के रुप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से जाली नोट 30000 रुपया, उक्त अपराध से अर्जित भारतीय मुद्रा नगद रुपया 10000 , 01 अदद तमंचा नाजायज 315 बोर, 04 अदद जिंदा कारतूस नाजायज 315 बोर, 02 अदद फायर सुदा कारतूस नाजायज 315बोर, 03 राशि गोवंशीय पशु, 02 अदद ठोस लोहा धारदार बाके (भिन्न भिन्न), 01 अदद लकड़ी का ठोस ठीहा लगभग गोलाकार,01 अदद रस्सी, 01 अदद कीपैड मोबाइल व 01 अदद मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट की बरामदगी की गयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## भाजपा एमएलसी रामसूरत राजभर भड़काना चाहते हैं जातीय हिंसा: वीरेंद्र यादव महासचीव, पूर्वांचल किसान यूनियन

**उजाला संचार**

**पवई।** पूर्वांचल किसान यूनियन महासचिव वीरेंद्र यादव और उनके भाई अरुण यादव पर जानलेवा हमला हुआ, गंभीर चोटों के चलते पवई स्वास्थ्य केंद्र द्वारा उन्हें सदर अस्पताल आजमगढ़ रेफर कर दिया गया। किसान नेता राजीव यादव, श्याम सुंदर मौर्या, जंगल देव, राज शेखर और अवधेश यादव ने किसान नेता वीरेंद्र यादव से मुलाकात कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाई की मांग की।

पूर्वांचल किसान यूनियन महासचिव वीरेंद्र यादव ने कहा कि किसानों का सवाल उठाने की वजह से साजिशन भाजपा एमएलसी रामसूरत राजभर की शह पर उनकी जमीन पर अवैध कब्जा कराने की कोशिश की गई। एसडीएम फूलपुर ने नापी करवाकर कब्जे को अवैध बताते हुए खेत में कब्जा करने से रोकने के लिए स्टे ऑर्डर लाया है। किसान नेता ने कहा कि भाजपा



एमएलसी रामसूरत राजभर लगातार प्रशासन पर दबाव बनाते रहे। आज सुबह सात बजे के करीब जब फिर से उनकी जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा करने की कोशिश की गई तब उन्होंने रोका जिसपर उन्हें रस्सी से बांधकर रॉड से मारा पीटा गया। किसान नेता वीरेंद्र यादव को मारने बदमाश यूपी 45 एपी 6618 नंबर की गाड़ी से आए थे। उनको बचाने आए उनके भाई अरुण यादव को भी गंभीर चोटें आईं।

किसान नेता वीरेंद्र यादव ने कहा कि थानाध्यक्ष पवई ने कहा कि आप तहरीर बदल दीजिए और हमारे एसआई चंद्रशेखर सिंह से बात कर लीजिए। मैं जब चंद्रशेखर सिंह के पास गया तो उन्होंने कहा कि आपको जो अपहरण कर बंधक बनाया और रॉड से पीटा गया इस संदर्भ को हटा दीजिए इससे सरकार की बदनामी होगी।

पूर्वांचल किसान यूनियन महासचिव वीरेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा एमएलसी रामसूरत राजभर के दबाव के चलते मेरी एफआईआर नहीं दर्ज की गई और मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दिया गया।

## सरहिन्द-सहरसा-अम्बाला कैंट साप्ताहिक अनारक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी का हुआ संचलन

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 04526/04525 सरहिन्द-सहरसा-अम्बाला कैंट साप्ताहिक अनारक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन अम्बाला कैंट से 07, 14, 21, 28 अक्टूबर तथा 04, 11 एवं 18 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक सोमवार को तथा सहरसा से 08, 15, 22, 29 अक्टूबर तथा 05, 12 एवं 19 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक मंगलवार को 07 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा ।

04525 सरहिन्द-सहरसा साप्ताहिक अनारक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी 07, 14, 21, 28 अक्टूबर तथा 04, 11 एवं 18 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक सोमवार को सरहिन्द से 11.25 बजे प्रस्थान कर राजपुरा से 11.46 बजे, अम्बाला कैंट से 12.20 बजे, यमुनानगर जगाधारी से 13.07 बजे, सहारनपुर से 13.40 बजे, मुरादाबाद से 17.30 बजे, बरेली से 20..12 बजे, सीतापुर से 23.55 बजे, दूसरे दिन गोण्डा से 02.45 बजे, गोरखपुर से 05.35 बजे, सीवान से 07.27 बजे, छपरा से 08.30 बजे, हाजीपुर से 09.45 बजे, मुजफ्फरपुर से 10.40 बजे, समस्तीपुर से 11.45 बजे, बरौनी से 12.55 बजे, बेगूसराय 13.17 बजे, खगड़िया से 14.02 बजे, तथा सिमरी बख्तियारपुर से 15.30 बजे छूटकर सहरसा 17.00 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 04526 सहरसा-अम्बाला कैंट साप्ताहिक अनारक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी 08, 15, 22, 29 अक्टूबर तथा 05, 12 एवं 19 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक मंगलवार को सहरसा से 19.15 बजे प्रस्थान कर सिमरी बख्तियारपुर से 19.35 बजे, खगड़िया से 20.57 बजे, बेगूसराय से 21.27 बजे, बरौनी से 22.00 बजे, समस्तीपुर से 23.20 बजे, दूसरे दिन मुजफ्फरपुर से 00.25 बजे, हाजीपुर से 01.25 बजे, छपरा से 03.10 बजे, सीवान से 03.47 बजे, गोरखपुर से 06.00 बजे, गोण्डा से 08.15 बजे, सीतापुर से 11.00 बजे, बरेली से 15.22 बजे, मुरादाबाद से 17.20 बजे तथा सहारनपुर से 20.40 बजे तथा यमुनानगर जगाधरी से 21.22 बजे छूटकर अम्बाला कैंट 22.20 बजे पहुॅचेगी। इस गाड़ी में साधारण द्वितीय श्रेणी के 18 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक सम्पन्न

उजाला संचार

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक कल देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

स्वास्थ्य समिति की बैठक में संस्थागत प्रसव, बच्चों के टीकाकरण, गर्भवती माताओ की जांच, आशाओं के द्वारा होम विजिट, डाटा फीडिंग, मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु रिपोर्टिंग, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जन्म पंजीकरण, गर्भवती मां के उपचार की स्थिति आदि पर समीक्षा हुई। बैठक में आशा भुगतान की अद्यतन स्थिति का भी जायजा लिया गया तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ खड्डा के नदी पार के ग्रामों के बच्चों के टीकाकरण की समीक्षा दौरान स्थिति खराब होने पर संबंधित एम.ओ.आई.सी. से पूछताछ की गई तथा इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को छूटे हुए बच्चो का टीकाकरण अभियान



चलाकर टीका लगाने, तथा आभा आईडी जेनरेट कर प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की जिन आशा, एएनएम वर्कर्स को टेक्निकल प्रशिक्षण की आवश्यकता है, उन्हे प्रशिक्षित करें जिससे की पोर्टल पर प्रगति परिलक्षित हो सकें। यह ध्यान रखे की अभी के मौसम में मच्छर / जल जनित रोगों के बढ़ने के तीव्र संभावना है, इसलिए 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले दस्तक अभियान एवं 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 1 अक्टूबर तक चलने स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सभी सभी ईओ, डीपीआरओ, एमओआईसी, समस्त बीडीओ अपने क्षेत्र के चिन्हित 1029 ग्राम सभाओं में हॉटस्पॉट्स, अस्पतालों, सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, बाजारों व हाटों के आसपास सफाई अभियान चलाते हुए विशेष साफ सफाई कराना सुनिश्चित करें साथ ही सड़कों के किनारे उगी झाड़ियों की सफाई व्यवस्था पर भी ध्यान दें। आंगनवाड़ी और आशा साथ में होम विजिट करें। जिला चिकित्सालय परिसर के प्रत्येक फ्लोर पर शिफ्टवार ड्यूटी लगाते हुए सीएमएस लगातार सफाई व्यवस्था का ध्यान रखें। निविदा के संदर्भ उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया कि सभी निविदा समय से हों।पिछले वर्ष के कमिटेड कार्य जो अभी भी अवशेष है, उन्हे शीघ्र पूर्ण किया जाए।

## श्रीमद्भागवत कथा समिति का चतुर्थ दिवस

उजाला संचार

**गोरखपुर।** श्रीमद् भागवत कथा के संयोजक स्वामी डॉ विनय जी ने बताया कि कामधेनु शक्तिपीठ का प्रकल्प ₹ श्री मद्भागवत कथा समिति ₹जगन्नाथपुर, गोरखपुर द्वारा 22 सितंबर 2024 से 28 सितंबर 2024 तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रोज शाम 04 बजे से 07 बजे तक होना है ' आज कथा के चतुर्थ दिन कथा व्यास पंडित राजेश धर दुबे ने लोगों को कथा का रसपान कराया।

कथा शाम चार बजे शुरू हुई , कथा का शुरूआत भागवत भगवान की आरती के साथ शुरू हुआ । इस अवसर पर मुहल्ले एवं शहर के तमाम गणमान्य उपस्थित रहे । आज की मुख्य यजमान प्रख्यात समाजसेवीका श्रीमती निशा किन्नर रही ' मुख्य पूजक के रूप में श्री के पी गुप्ता सपरिवार उपस्थित रहे ' इस अवसर पर व्यास पीठ पर विराजमान पंडित राजेश धर दुबे ने भक्तों के बीच श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया ' व्यास पीठ पर बैठे श्री राजेश धर द्विवेदी ने राजा सगर के पुत्रों के भष्म होने का वर्णन किया ' व्यास जी ने गंगा मैया के परम पवित्रता स्वभाव का भी वर्णन किया ' व्यास जी ने महाराज दशरथ के पुत्र हेतु पुत्रेष्ठी यज्ञ का वर्णन किया ' यज्ञ में अग्नि देवता हाथ मे खीर लेकर प्रकट हुई ' उसी खीर के खाने से राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न पैदा हुए ' व्यास जी ने बताया कि किस तरह से भगवान अपने भक्तों की रक्षा करते हैं ' आज की कथा में राम के जन्मोत्सव का विस्तार से व्यास जी ने वर्णन किया ' इस अवसर पर कथा स्थल पर झांकी भी निकाली गयी।

व्यास जी ने बताया कि पितृ पक्ष में कथा को सुनने अथवा कथा में किसी भी तरह का सहयोग करने से व्यक्ति के पितर खुश होते हैं और जब व्यक्ति के पीतर खुश होते हैं तो उस घर में खुशी का वातावरण पैदा होता है, घर का सर्वांगीण विकास होता है , इसलिए पितृपक्ष में श्रीमद् भागवत कथा हर व्यक्ति को किसी ने किसी तरह से समय निकालकर जरूर सुनना चाहिए । इसी से परिवार का कल्याण होगा, समाज का कल्याण होगा।

## स्वच्छता अभियान के बैनर तले आज किसान इंटर मीडिएट कालेज के परिसर मे किया गया साफ सफाई

उजाला संचार

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के बैनर तले आज किसान इंटर कॉलेज पिपरा बाजार कुशीनगर में स्वच्छता के क्रम में विद्यालय परिसर में साफ सफाई का कार्य किया गया तथा धार्मिक त्यौहार जीवित्पुत्रिका व्रत के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। डा विष्णु प्रताप चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि साफ सफाई का कार्यक्रम तो विगत कई दिनों से चल ही रहा है परंतु आज का दिवस भी बहुत ही



महत्वपूर्ण है क्योंकि आज के दिन सभी माताएं अपने बच्चों के लंबी उम्र और निष्कंटक जीवन के लिए निर्जला व्रत करती हैं।इसलिए हमारा भी दायित्व है कि हम अपने माता पिता के बारे में सचेत रहते हुए उनके सभी कार्यों में यथाशक्ति सहयोग और सदैव उनका सम्मान करना चाहिए।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## युगपुरुष महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति व्याख्यान माला

उजाला संचार

**गोरखपुर।** दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर के समाजशास्त्र विभाग एवं प्राचीन इतिहास विभाग के सयुक्त तत्वावधान में युगपुरुष महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति व्याख्यानमालाः 2024-25 के अन्तर्गत ह्यसतत एवं समावेशी विकास में अन्त्योदय की भूमिकाह्य विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. ईश्वरशरण विश्वकर्मा, पूर्व अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग ने कहा कि अन्त्योदय की धारणा समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास की बात करता है। अन्त्योदय को यदि समझना है तो हमें पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन को समझना चाहिए। एकात्म मानव का विचार एक ऐसे व्यक्ति की अवधारणा में निहित है जो व्यक्तित्व की सच्ची भावना उकेरता है और अपनी आकांक्षाओं में प्रामाणिक रहता है। वास्तव में हमारी आवश्यकताओं के अनुकूल एक ऐसी आर्थिक प्रणाली का गठन किया जाना चाहिए, जिसका उद्देश्य एक तरफ लोगों की न्यूनतम आवश्यकताओं को सुरक्षित रखना और दूसरी तरफ राष्ट्रीय अखण्डता को भी सुरक्षित रखना संभव हो सके। अन्त्योदय की कल्पना प्राचीन है, आपातकाल के बाद अन्त्योदय अन्न योजना की शुरूआत की गई। सन 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐसे 42 प्रकल्प शुरू किये है, जो अन्त्योदय को केन्द्र में रखकर है। पं. दीनदयाल जी ने अपने विद्यार्थी जीवन में एक जीरो एसोसिएशन बनाया जिसके अन्तर्गत कमजोर बच्चों की कक्षाएँ मेधावी बच्चों द्वारा अलग से ली जाए ताकि वे बच्चें भी सबके बराबर हो सके।

# सांसद ने मनाया पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

उजाला संचार

**तहसील प्रभारी पडरौना।** बुधवार को हाटा विधानसभा में सुकरौली मण्डल के ग्राम सभा डुमरी मलाव में अन्त्योदय व एकात्ममानववाद के प्रणेता प्रखर राष्ट्रवादी, महान विचारक एवं हम सबके पथ प्रदर्शक पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर कुशीनगर सांसद विजय कुमार दुबे ने पुष्पांजलि अर्पित किया और कार्यक्रम को संबोधित किया।

कार्यक्रम के उपरान्त बूथ संख्या 164 पर भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान-2024 के अंतर्गत 8800002024 पर मिस कॉल करा कर ग्रामवासियों को सदस्यता ग्रहण कराया। तथा स्थानीय ग्रामवासियों की समस्याओं को सुनकर उसके निस्तारण के लिए संबंधित



अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन मण्डल अध्यक्ष सुकरौली ज्ञान विक्रम सिंह और स्वागत कार्यक्रम संयोजक शक्ति केन्द्र संयोजक शैलेंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ रवीश सिंह, राजेश गुप्ता, वरुण जायसवाल ,सभासद जटाशंकर यादव , रामप्रवेश कश्यप, सांसद मीडिया प्रभारी निखिल उपाध्याय, सुरेश गुप्ता, उदय यादव, दूधनाथ चौरसिया, पार्टी पदाधिकारीगण सहित स्थानीय ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## कमिश्नरेट प्रयागराज में निरीक्षक/ उपनिरीक्षकगण के हुए स्थानांतरण

**प्रयागराज।** निरी0 तुषार दत्त त्यागी को प्रभारी निरीक्षक दारागंज से प्रभारी निरीक्षक बारा स्थानान्तरित किया गया है। निरी0 ज्ञानेश्वर मिश्र को प्रभारी नारकोटिक्स सेल, क्राइम ब्रांच से प्रभारी निरीक्षक दारागंज स्थानान्तरित किया गया है। निरी0 अनिल कुमार मिश्र को न्यायालय पुलिस आयुक्त से प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज स्थानान्तरित किया गया है। निरी0 विरेन्द्र सिंह यादव को वाचक पुलिस उपायुक्त गंगानगर से प्रभारी निरीक्षक शिवकुटी स्थानान्तरित किया गया है। निरी0 वीरेन्द्र कुमार मिश्रा को प्रभारी सोशल मीडिया सेल से प्रभारी निरीक्षक मऊआइमा स्थानान्तरित किया गया है। निरी0 विनोद कुमार को प्रभारी निरीक्षक बारा से पुलिस लाइन्स स्थानान्तरित किया गया है। निरी0 धर्मेन्द्र कुमार दुबे को प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज से पुलिस लाइन्स स्थानान्तरित किया गया है। निरी0 राघवेन्द्र सिंह को प्रभारी निरीक्षक मऊआइमा से पुलिस लाइन्स स्थानान्तरित किया गया है। निरी0 पंकज कुमार राय को प्रभारी निरीक्षक सराय इनायत से पुलिस लाइन्स स्थानान्तरित किया गया है। उ0नि0 अभिषेक सिंह को प्र0चौ0 विश्वविद्यालय, कर्नलगंज से थानाध्यक्ष जार्जटाउन स्थानान्तरित किया गया है। उ0नि0 महेश मिश्रा को थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र से थानाध्यक्ष बहरिया स्थानान्तरित किया गया है। उ0नि0 कुशल कुमार तिवारी को पुलिस लाइन्स से थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र स्थानान्तरित किया गया है। उ0नि0 संजय प्रसाद गुप्ता को थानाध्यक्ष शिवकुटी से थानाध्यक्ष सरायइनायत स्थानान्तरित किया गया है। म0उ0नि0 वंदना पाण्डेय को प्र0चौ0 बादशाही मण्डी, कोतवाली से थानाध्यक्ष महिला थाना स्थानान्तरित किया गया है। उ0नि0 राजीव श्रीवास्तव को थानाध्यक्ष जार्जटाउन से पुलिस लाइन्स स्थानान्तरित किया गया है। म0उ0नि0 जय अम्बिका पासवान को थानाध्यक्ष महिला थाना से पुलिस लाइन्स स्थानान्तरित किया गया है। उ0नि0 रण विजय सिंह को थानाध्यक्ष बहरिया से पुलिस लाइन्स स्थानान्तरित किया गया है।

## पुराने भूमि विवाद का स्थलीय निरीक्षण करने पहुँचीं डीएम



**उजाला संचार, गाजीपुर बिरनो।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के सिखडी गाँव के गेल्हना मौजें में स्थित गंगाधर तिवारी और चद्रिका चौबे में भुमि विवाद को लेकर काफी दिनों से तनातनी का माहौल चल रहा था तथा भुमि विवाद का मामला वाराणसी कमिश्नरी कोर्ट मे विचार धीन है। कई बार उपजिलाधिकारी द्वारा समझौता कराऐ जाने का प्रस्ताव किया गया लेकिन समझौता नहीं हो सका इसी मामले को लेकर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, उपजिलाधिकारी रवीश गुप्ता, तहसीलदार लालजी विश्वकर्मा और पुलिस फोर्स के साथ बुधवार को 12:40 बजे भुमि विवाद के स्थलीय निरीक्षण किया उपस्थित दोनों पक्षों के बीच गंगाधर तिवारी ने बताया कि हमारे चक में दिवार का निर्माण हुआ है और अधिकारियों के बीच जो पत्थर गडी हुईं थी उसको भी विपक्षी चद्रिका चौबे पुत्र स्व,रामउग्रह चौबे, कृष्ण कुमार चौबे पुत्र चद्रिका चौबे व दिब्याश चौबे पुत्र धनंजय चौबे ने पत्थर गडी उखाड़ कर फेक दिया जिसका केस दुल्लहपुर थाना में दर्ज किया गया है इस मामले को लेकर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने दोबारा पैमाईश करके पत्थर गढी और दीवार को तोड़ने का आदेश दिए इसके बाद पुलिस के मौजुदगी में लेखपाल पत्थर गढी का कार्य किया इस मामले में विपक्षी चद्रिका चौबे ने कहा कि मेरे घर के सामने आबादी की भुमि है जिसके विपक्षी निर्माण कार्य करने से रोकते है। वाराणसी कमिश्नरी में मुकदमा विचार धीन है मेरे साथ न्याय नहीं हो रहा है इस मौके पर दुल्लहपुर थाना प्रभारी केपी सिंह, प्रधान प्रतिनिधी वीरेंद्र यादव अजनी तिवारी राजू राजभर डा रामविलास यादव, लेखपाल अभिषेक सहित अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## फर्जी मुन्नी देवी बनकर जमीन का किया सट्टा मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**रोहनिया-वाराणसी।** धनपालपुर गांव में फर्जी मुन्नी बनकर असली मुन्नी देवी का जमीन सट्टा कर दिया गया जब मुन्नी देवी को पता चला तो उनके होश उड़ गये। आरोपियो के खिलाफ दर्ज कर जाच में जुटी पुलिस। धनपालपुर गांव निवासी पीड़िता मुन्नी देवी पत्नी राजेंद्र प्रसाद ने बीते 8 जून 2024 को पुलिस आयुक्त वाराणसी मोहित अग्रवाल के प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगायी की हमारे ही परिवार के लक्ष्मीना देवी पत्नी राजेंद्र प्रसाद ने अपने आप को फर्जी व कूटरचित दस्तावेज के सहारे मुन्नी देवी उर्फ लक्ष्मीना पत्नी राजेन्द्र प्रसाद बनकर मेरे भूमि का रजिस्टर्ड सट्टा 6 लाख रुपया लेकर कर दिया। पुलिस आयुक्त वाराणसी ने एसीपी रोहनिया को जाच कर कार्यवाही का आदेश जाच में दोषी पाए जाने पर लक्ष्मीना देवी उर्फ मुन्नी देवी ,राजेन्द्र प्रसाद मौर्या निवासी धनपालपुर ,विजय कुमार निवासी बीरभानपुर राजातालाब,जितेंद्र कुमार पटेल निवासी करनाडाड़ी रोहनिया,मनीष पटेल मुढैला मंडुवाडीह,महेश कुमार सिंह बीरभानपुर राजातालाब के खिलाफ रोहनिया पुलिस ने 419,420,467,468,471 के तहत मुकदमा दर्ज कर जाँच पड़ताल में जुट गयी।

## रामनगर जोन में स्थित अनावासीय भवनों पर लगेगा गृहकर

**वाराणसी।** नगर निगम द्वारा रामनगर जोन में अवस्थित अनावासीय प्रतिष्ठानों/ दुकानों पर गृहकर लगाये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है। इस सम्बन्ध में वाराणसी नगर निगम द्वारा रामनगर जोन में अनावासीय प्रतिष्ठानों/ दुकानों को चिन्हित करने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है। नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा-177 के अन्तर्गत सामान्य कर नगर में स्थित सभी भवनों और भूमियों पर लगाया जायेगा-सिवाय- धारा-177 के प्रस्तर 'ज' में दिये गये प्रावधानों के अन्तर्गत वर्णित है कि भवन स्वामी द्वारा अध्यासित आवासीय भवनों जो किसी ऐसे क्षेत्र में हो, जिसे पॉच वर्ष के भीतर निगम की सीमा में सम्मिलित किया गया हो अथवा उस क्षेत्र में सड़क, पेयजल, और मार्ग प्रकाश की सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई हो, जो भी पहले हो क्षेत्रों में अवस्थित अनावासीय प्रतिष्ठानों/ दुकानों पर गृहकर (सामान्य कर) लगाया जायेगा। अधिनियम में वर्णित उक्त धाराओं के अनुसार नगर निगम द्वारा वर्तमान में रामनगर क्षेत्र में स्थित लगभग 1000 केवल अनावासीय भवनों पर गृहकर लगाने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है। अवासीय भवनों पर गृहकर लगाने की कार्यवाही अभी नही की जा रही है।

# दीक्षान्त समारोह के पूर्व संध्या पर हुआ पूर्वाभ्यास

**उजाला संचार/रोहित सेठ**

**वाराणसी।** सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी में दिनाँक 26 सितम्बर 2024 को पूर्वाह्न 10.00 बजे ऐतिहासिक मुख्य भवन में महामहिम कुलाधिपति एवं श्री राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल की अध्यक्षता में होगा।इस समारोह के मुख्य अतिथि नैक के चेयरमैन प्रो अनिल डीट्ट सहस्त्रबुद्धे दीक्षान्त भाषण देंगे।विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेन्द्र उपाध्याय जी होंगे। 42 वें दीक्षान्त समारोह के पूर्व संध्या पर अपरान्ह 4:00 बजे दीक्षान्त पूर्वाभ्यास में शिष्ट यात्रा निकाली गई, स्नातकों का उपस्थापन किया गया।







पूर्वाभ्यास में कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शोधार्थियों या विद्यावारिधि के विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र देकर उपाधि से सम्मानित किया। आज पूर्वाह्न 9:00 बजे कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा के द्वारा परम्परानुसार दीक्षान्त मंडप (मुख्य भवन) का विधि-विधान से पूजन कर दीक्षान्त समारोह को सकुशल संपन्न कराने की कामना बाबा विश्वनाथ जी एवं माँ वाग्देवी से की गई।

**13733 उपाधियाँ वितरित होंगी**

कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा के अध्यक्षता में अपरान्ह 2:30 बजे विद्या परिषद,अपरान्ह 3:00 बजे विद्या परिषद की बैठक कर मेडल एवं उपाधियों पर मुहर लगी।

42 वें दीक्षान्त समारोह को 13733 उपाधि एवं 56 मेडल 31 मेधावीयों को दिया जाएगा। कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के सभी विभागों के स्नातकों को शपथ ग्रहण कराये। शिष्ट यात्रा के पश्चात राष्ट्रगान, मंगलाचरण, कुलगीत,जलभरो,उपाधि वितरण।

उस दौरान कुलसचिव राकेश कुमार, प्रो रामकिशोर त्रिपाठी, प्रो रामपूजन पाण्डेय, प्रो सुधाकर मिश्र, प्रो हरिशंकर पाण्डेय ,प्रो जितेन्द्र कुमार, प्रो रजनीश कुमार शुक्ल, प्रो शैलेश कुमार मिश्र, प्रो अमित कुमार शुक्ल, प्रो दिनेश कुमार गर्ग, प्रो विजय कुमार पाण्डेय,प्रो महेन्द्र पाण्डेय,प्रो राजनाथ, प्रो विधु द्विवेदी, प्रो राघवेन्द्र जी दुबे, प्रो राघवेन्द्र जी दुबे आदि उपस्थित थे।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जनपद में चलेगा नाइट ब्लड सर्वे

### सीएचसी पीएचसी के लैब टेक्नीशियन और लैब सहायकों को दिया प्रशिक्षण

**वाराणसी।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में जल्द ही नाइट ब्लड सर्वे (एनबीएस) शुरू किया जाएगा। इसी के मद्देनजर मंगलवार को मंडलीय अपर निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) कार्यालय सभागार में ग्रामीण सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लैब टेक्नीशियन और लैब सहायकों को प्रशिक्षण दिया गया। वाराणसी मण्डल के अपर निदेशक डॉ एमपी सिंह की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने समस्त स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि माइक्रोप्लान के अनुसार सभी 33 प्लानिंग साइट पर सर्वेक्षण का कार्य सुनिश्चित किया जाए। पॉजिटिव मिलने वाले रोगियों की सूची तैयार कर विभाग को प्रेषित की जाए।




राज्य स्तर से प्रशिक्षित होकर आए क्षेत्रीय एंटोमोलोजिस्ट व बायोलॉजिस्ट डॉ अमित कुमार सिंह और सीनियर लैब टेक्नीशियन पीआर गिरी ने 50 स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि रात्रि साढ़े आठ बजे से जांच कर सैंपल एकत्रित करें। फाइलेरिया के समस्त लक्षण, कारण, जांच, निदान, उपचार एवं प्रबंधन आदि के बारे में जानकारी दी। फाइलेरिया के पैरासाइट के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही जांच के दौरान उपयोग में आने वाले संसाधनों के बारे में भी चर्चा की गई। डॉ अमित कुमार सिंह ने बताया कि नवंबर में जनपद के सभी ब्लाकों में ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे (टास) किया जाएगा। यदि इसमें माइक्रो फाइलेरिया दर (एमएफ रेट) एक प्रतिशत से ज्यादा रहेगी तो उसी प्लानिंग साइट पर सर्वजन दवा सेवन आईडीए अभियान चलाया जाएगा। यदि एमएफ दर एक प्रतिशत से कम रहेगी तो हम फाइलेरिया उन्मूलन की ओर अग्रसर रहेंगे और आईडीए अभियान का संचालन नहीं किया जाएगा।

## सब-वे निर्माण कार्य हेतु किया गया गाड़िया का निरस्तीकरण

**उजाला संचार**
**धनराज कुमार**

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु वाराणसी मंडल के मऊ-शाहगंज रेल खंड पर समपार के स्थान पर सीमित ऊँचाई के सब-वे निर्माण कार्य हेतु ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण तथा शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन निम्नवत किया जायेगा।

निरस्तीकरण-

बलिया से 26 सितम्बर, 2024 को चलने वाली 05167 बलिया-शाहगंज अनारक्षित विषेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

शाहगंज से 26 सितम्बर, 2024 को चलने वाली 05168 शाहगंज-बलिया अनारक्षित विषेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

बलिया से 26 सितम्बर, 2024 को चलने वाली 05171 बलिया-शाहगंज अनारक्षित विषेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

शाहगंज से 27 सितम्बर, 2024 को चलने वाली 05172 शाहगंज-बलिया अनारक्षित विषेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

शार्ट टर्मिनेषन/शार्ट ओरिजिनेषन-

दिल्ली से 25 सितम्बर, 2024 को चलायी गई 12226 दिल्ली-आजमगढ़ एक्सप्रेस (परिवर्तित मार्ग पर चल रही) आजमगढ़ के स्थान पर मऊ में यात्रा समाप्त करेगी।

आजमगढ़ से 26 सितम्बर, 2024 को चलने वाली 12225 आजमगढ़-दिल्ली एक्सप्रेस (परिवर्तित मार्ग पर चल रही) आजमगढ़ के स्थान पर मऊ से चलायी जायेगी।

वाराणसी सिटी से 26 सितम्बर, 2024 को चलने वाली 05428 वाराणसी सिटी-आजमगढ़ अनारक्षित विषेष गाड़ी आजमगढ़ के स्थान पर मऊ में यात्रा समाप्त करेगी।

आजमगढ़ से 27 सितम्बर, 2024 को चलने वाली 05427 आजमगढ़-वाराणसी सिटी अनारक्षित विषेष गाड़ी आजमगढ़ के स्थान पर मऊ से चलायी जायेगी।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत बरेका में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा लिया गया पर्यावरण को हरित रखने का संकल्प

**वाराणसी।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता को साकार रूप देने के लिए बनारस रेल इंजन कारखाना के उप मुख्य कार्मिक अधिकारी,मुख्यालय श्री श्याम बाबू की उपस्थिति में सितंबर माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बरेका परिसर में वृक्षा रोपण किया। इस अवसर पर सहायक कार्मिक अधिकारी श्री एम.ए.अंसारी, मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरिक्षक श्री विजय कुमार गुप्ता एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।





उल्लेखनीय है कि बरेका द्वारा शुरू की गई एक अनूठी पहल के अंतर्गत, पर्यावरण के प्रति समर्पित भाव से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के साथ बरेका परिसर में ह्लएक पेड़ मां के नाम लगाओह्व अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। यह पौधारोपण न केवल पर्यावरण के लिए लाभदायक है, बल्कि यह हमारे जीवन को भी समृद्ध और खुशहाल बनाता है। साथ ही, इससे समाज को हरित रखने में भी सहायता मिलती है।

इस अवसर पर उप मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री श्याम बाबू ने सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी और कर्मचारियों से कुशल क्षेम पूछी और रेल सेवा के दौरान उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।

# महापौर के नेतृत्व में ईश्वरगंगी तालाब व बंगालीटोला वार्ड में चला महासफाई अभियान





**वाराणसी।** महापौर अशोक कुमार तिवारी जी द्वारा आज 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत ईश्वरगंगी तालाब का पुनः निरीक्षण किया गया, तालाब के सफाई का कार्य पूर्ण न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए श्रमिको को संख्या 20 से बढकर 40 करके अतिशीघ्र सफाई करने का निर्देश दिया गया। तालाब के आसपास सीवर ओवरफ्लो की समस्या का निस्तारण पूर्व के निदेर्शों के बावजूद नही होने पर संबंधित पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

इसके उपरांत मा० महापौर जी बंगालीटोला वार्ड में महास्वच्छता अभियान के तहत कालीबाड़ी में झाड़ू लगाकर सफाई किया गया , सफाई अभियान के पूर्व मा० महापौर जी द्वारा वार्ड का निरीक्षण क्या गया , जिसमे कई स्थानों पर सीवर चेम्बर व सीवर लाइन की समस्या पाया गया, जिसपर सम्बन्धित को तत्काल निस्तारण का निर्देश दिया गया। कई स्थानों पर कूड़ा उठान नही हुआ था, जिसपर मा० महापौर जी द्वारा समयानुसार कूड़ा उठान हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पार्षद चंद्रनाथ मुखर्जी, विजय द्विवेदी ,भाजपा मंडल अध्यक्ष सोमनाथ यादव , असित दास महानगर कार्य समिति सदस्य, अजय जायसवाल, पीयूष भट्टाचार्य, प्रभात विश्वकर्मा, अमित पांडेय तथा नगर निगम व जलकल के अधिकारीगण के साथ स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## सिपाही के साथ भागी भाजपा नेत्री प्रकरण में आया नया मोड़

### महिला ने बताया पति से हैं जान का खतरा, मैं भागी नहीं ससुराल से प्रताड़ित हूं

**वाराणसी।** भदोही में भाजपा की ओर से चेयरमैन का चुनाव लड़ चुकी नेता उसी घर में किराये पर रहने वाले एक सिपाही के साथ करोड़ों के जेवर, नगदी और एक 6 साल के बच्चे के साथ भागने का मामला गोपीगंज थाने में लिखा गया है। यह मुकदमा भाजपा नेत्री के पती ने खुद लिखाया है। ये खबर जैसे ही आग की तरह फैली तो महिला ने अपना पक्ष रखने के लिए मीडिया से संपर्क किया। महिला का आरोप है कि मैं भागी नहीं, मैं अपने पति से प्रताड़ित हूं। जिसके खिलाफ मैंने भदोही एसपी, गोपीगंज थानाध्यक्ष, एडीजी वाराणसी व पुलिस कमिश्नर वाराणसी से शिकायत किया है। भाजपा महिला नेत्री सरिता गुप्ता का आरोप है कि उसकी शादी 28 अप्रैल 1998 को कुमार कार्पेट, सोनखरी, गोपीगंज भदोही निवासी गगन कुमार गुप्ता के साथ महमूरगंज स्थित शुभम लान में हुई थी। शादी के बाद वादिनी को तीन संताने हुई जिसमें दो पुत्रियाँ व एक पुत्र है। आरोप है कि पति लगभग 5 वर्षों से बराबर भद्दी -भद्दी गालियां देता रहा। वादिनी को ऐसा लगा जैसे वह नौकर की तरह है। महिला का आरोप है कि उसके माइके में बहुत अधिक सम्पत्ति है जो उसको मिली है। पति चाहता है उसको मारकर सारी सम्पत्ति को कब्जा कर लूं। जिससे वह 28 अगस्त 2024 को गोपीगंज थाने में पति पर प्रताड़ित करने की तहरीर देकर अपने मायके घसियारी टोला, चौखम्भा, कोतवाली वाराणसी में आ गयी। महिला का आरोप है कि गोपीगंज से आने के बाद पति द्वारा बराबर धमकी दी जा रही है अब मै उसके साथ नही रहना चाहती मैने न्यायालय में घरेलु हिंसा, दहेज प्रताड़ना व तलाक की अर्जी भी दाखिल किया है।



वाराणसी, शुक्रवार 27 सितम्बर 2024

ujalasanchar376@gmail.com

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक
उजाला संचार

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया

**सेवापुरी वाराणसी।** सेवापुरी ब्लाक में स्थित राजकीय बालिका महाविद्यालय सेवापुरी में आज राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया, इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेवापुरी पहुँचकर स्वास्थ्य केन्द्र के परिसर में झाड़ू लगाया और वहाँ पर उपस्थित मरीजों से सम्पर्क स्थापित करके उन्हें अपने परिवेश को स्वच्छ रखने, बरसाती संक्रमण, जल जमाव रोकने और डेंगू जैसे रोगों से रोकथाम हेतु करने की सलाह दी। इस अवसर पर डी डी यू राजकीय चिकित्सालय पांडेय से आये चिकित्सक डॉ नौशाद अली द्वारा एड्स सम्बन्धित भ्रान्ति पर दिये गये सुझाव से लाभान्वित हुईं और ग्रामीण जनों को जागरूक करने की शपथ लीं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुधा तिवारी ने स्वच्छता पखवाड़े में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रो राम कृष्ण गौतम को विस्तार से बताया। महाविद्यालय के समस्त सदस्य स्वच्छता पखवाड़े को दमखम से मनाने हेतु योजना पर विचार किया।





### रक्तदान शिविर का आयोजन







**उजाला संचार, रोहित सेठ, वाराणसी।** बताते चले कि आज वाराणसी महिला व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनीता सोनी के पुत्र गौरव सोनी के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन बनारस चैरिटेबल ट्रस्ट सिगरा रोड पर किया गया ।रक्तदान शिविर में काशी की जनता ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया रक्तदान शिविर में 50 लोगों ने रक्तदान किया वाराणसी महिला व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनीता सोनी ने बताया कि रक्तदान करने से कई लोगों का जीवन बचाया जा सकता है राजू सोनी ने कहा कि लोग अपने बच्चों के जन्मदिन पर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें और एक वृक्ष जरूर लगाए ।रक्तदान के समय मुख्य रूप से वाराणसी महिला व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनीता सोनी राजू सोनी शिवम सेठ ,बसंत प्रसाद,जय प्रकाश अमन पटेल,सागर जायसवाल,निलेश पटेल ,राहुल गुप्ता,विकाश गुप्ता संजय गुप्ता,बादल गुप्ता, )नीरज गुप्ता जितेंद्र गुप्ता,सोनू केशरी ,श्याम राठौर आकाश पूरी,रामबाबू प्रजापति,बाबू लाल गुप्ता,गणेश मिश्रा ममता गुप्ता सबना बानो विनोद मोरया बिजपाल एवंम तमाम काशीवासी मौजूद रहे।

### अध्यक्ष/एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा के नेतृत्व में चला विशेष सफाई अभियान



**वाराणसी।** कर्दमेश्वर मंडल के पदाधिकारियों ने एम एल सी हंसराज विश्वकर्मा के नेतृत्व में पहाड़ी गाँव स्थित डीह बाबा मंदिर पर चलाया विशेष सफाई अभियान उक्त अवसर पर पुर्व प्रधान सुरेश सिंह बूथ अध्यक्ष सुभाष चन्द्र सोनकर उमेश प्रजापति राम आलोक मिश्र व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत वेस्ट ऑफ आर्ट से लोहे के स्क्रैप से बनी अद्भुत कलाकृतियों का जन संपर्क विभाग द्वारा किया गया प्रदर्शन

### स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत बरेका के प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र में स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

*स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत बरेका के संबंधित कार्यस्थल जैसे कार्यालय, कार्यशाला, संस्थागत भवन, रेलवे स्कूल में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया गया

*बरेका की केन्द्रीय टाउनशिप में ₹घर-घर जागरूकता अभियान₹ चलाया गया




**उजाला संचार**

**वाराणसी।** रेल मंत्रालय द्वारा 17 सितंबर 2024 से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता में सभी की भागीदारी के उद्देश्य से, बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में स्वच्छता ही सेवा-2024 के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बरेका में आज दिनांक 26 सितंबर 2024 को स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत वेस्ट ऑफ आर्ट (हं२३ी ३ङ्क अ१३) पहल के तहत लोहे के स्क्रैप से बनाई गई विभिन्न कलाकृतियों का जन संपर्क विभाग द्वारा प्रशासन भवन के स्वागती हॉल में प्रदर्शित किया गया। वेस्ट ऑफ आर्ट (हं२३ी ३ङ्क अ१३) के तहत लोहे के स्क्रैप को रीसायकल कर इस प्रकार की मूर्तियों का निर्माण पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों के पुनः उपयोग का एक बेहतरीन उदाहरण है।

स्वच्छता भागीदारी के तहत एक अन्य कार्यक्रम में बरेका के प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र में ह्लस्वच्छ भारत स्वस्थ भारतह्व पर हिन्दी विभाग द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बरेका के कुल 27 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान के तहत बरेका के संबंधित कार्यस्थल जैसे कार्यालय, कार्यशाला, संस्थागत भवन और रेलवे स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने कार्यस्थल की साफ-सफाई को सुनिश्चित किया।

इसके अतिरिक्त, बरेका केन्द्रीय टाउनशिप में ₹घर-घर जागरूकता अभियान₹ चलाया गया। इस अभियान के तहत स्वच्छता, बीमारियों की रोकथाम, सामुदायिक सहभागिता, पर्यावरण संरक्षण, आदतों में बदलाव और स्वच्छ भारत मिशन में योगदान जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर लोगों को जागरूक किया गया।

## सत्या सोनकर समाजवादी पार्टी के महानगर सचिव नियुक्त

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अखिलेश यादव जी की अनुमति से प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री श्यामलाल पाल जी एवं महानगर अध्यक्ष अमन यादव जी के संतुष्टि से मुझे समाजवादी बाबा साहब वाहिनी में महानगर सचिव सदस्य नामित किया जाता है। मेरे संघर्ष



के सभी साथियों एवं बड़े भैया लोग का बहुत बहुत धन्यवाद।



बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी
समाजवादी पार्टी
अमन यादव
महानगर अध्यक्ष
बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी, वाराणसी
निवास : सीरगोवर्धनपुर, सामनेघाट
थाना लंका, वाराणसी
मो. 9044787876
पत्रांक.....................
दिनांक..23/9/2024....

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 15 | विकास पाल | सचिव | छित्तुपुर | 6389835586 |
| 16 | सुशील केशरी | सचिव | सामनेघाट | 7619955515 |
| 17 | राजा बाबू | सचिव | लंका | 8400051339 |
| 18 | बाबू भारती | सचिव | अस्सी | 8707094325 |
| 19 | सत्या सोनकर | सचिव | ककरमत्ता | 7393389716 |
| 20 | शिवा जी | सचिव | सीरगोवर्धनपुर | 8953876540 |
| 21 | मोनू कुमार | सचिव | डाफी | 9648545233 |
| 22 | अनिल कुमार | सचिव | सुन्दरपुर | 8009295219 |
| 23 | संतोष कुमार | सचिव | गांधी नगर | 9305980656 |
| 24 | आजाद अली | सचिव | नरिया | 6386896557 |
| 25 | कु० विक्रम चौहान | सचिव | मुरारी चौक | 7905505323 |
| 26 | अभिषेक चौधरी | सदस्य | भगवानपुर | 6386049736 |
| 27 | रवि कुमार | सदस्य | सीर | 8115441414 |
| 28 | विजय कुमार गौड़ | सदस्य | भगवानपुर | 9026453953 |
| 29 | आलोक कुमार | सदस्य | सिगरा | 9506180618 |
| 30 | सागर गौड़ | सदस्य | वरुणापुल | 8960969555 |
| 31 | मो० सिमताज | सदस्य | लंका | 7985228587 |

अमन यादव
9044787876

## बीएलडब्लू तरणताल के तैराकों ने सीबीएसई ईस्ट जोन तैराकी प्रतियोगिता 2024-25 में परचम लहराया



**उजाला संचार**

**वाराणसी।** बीएलडब्लू तरणताल के तैराकों ने दिल्ली वर्ल्ड स्कूल उरई, जालौन में आयोजित तीन दिवसीय सीबीएसई ईस्ट जोन तैराकी प्रतियोगिता 2024-25, दिनांक 14-16 सितम्बर 2024 में अपने स्कूल और बीएलडब्लू, तरणताल का नाम रौशन किया। इस प्रतियोगिता में अपने-अपने ग्रुप में कुल 6 गोल्ड, 10 सिल्वर और 4 ब्रौंज मेडल प्राप्त किए। जिसमें अंगद विश्वकर्मा (ग्लेनहील स्कूल) ने 1 गोल्ड, 2 सिल्वर और 2 ब्रौंज मेडल, नितेश निषाद (डीएलडबलू इंटर कॉलेज) ने 2 गोल्ड, 2 सिल्वर, आरव यादव (जयपूरिया, पड़ाव) ने 1 गोल्ड, 1 सिल्वर, गौरव सेन गुप्ता (जयपूरिया, बाबतपुर) ने 2 गोल्ड, 2 सिल्वर, श्रेयांस यादव (मुकुलारड़यम स्कूल) ने 2 ब्रौंज, गायत्री (सेंट मैरिज) ने 3 सिल्वर मेडल प्राप्त किए।

## थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस टीम द्वारा जिलाबदर गिरजा शंकर जायसवाल अंतर्गत धारा 10 गुण्डा अधिनियम में गिरफ्तार

**उजाला संचार/रोहित सेठ**

**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित फरार अभियुक्तों / मा० न्यायालय द्वारा निर्गत वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त काशी जोन के निर्देशन में, अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन के पर्यवेक्षण मे एवं सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के नेतृत्व में थाना भेलूपुर पुलिस टीम द्वारा मा० न्यायालय स्पेशल सीजेएम वाराणसी द्वारा निर्गत ठइह में वाछित व पुलिस आयुक्त वाराणसी के आदेश वाद सं0 49/2024 बनाम गिरजाशंकर जायसवाल पुत्र स्व० विश्वनाथ जायसवाल नि0-12/86 गौरीगंज थाना भेलूपुर कमि० वाराणसी जो 06 माह के लिये जिला बदर किया गया है व मा० न्यायालय सीजेएम० वाराणसी द्वारा जारी एनवीडब्लू मु0न0 105658/23 धारा 324/452/ 504/506/ 354/60 भादवि बनाम गिरजाशंकर जायसवाल ता० पेशी 25..09.24 व मा० अतिरिक्त न्यायालय



वाराणसी द्वारा जारी वारंट मु0न0 2068/2018 बनाम गिरजा शंकर जायसवाल धारा 138 एनआईए एक्ट थाना सिगरा ता० पेशी 05.10.24 में निर्गत धारा 82 द०प्र०सं० आदेश के क्रम में अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे .प्र0नि0 विजय कुमार शुक्ला थाना भेलूपुर कमि० वाराणसी ,उ0नि0 श्री राहुल मौर्या चौकी प्रभारी अस्सी थाना भेलूपुर कमि० वाराणसी ,आरक्षी रंजीत कुमार थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी,आरक्षी संदीप कुमार थाना भेलूपुर कमि० वाराणसी शामिल रहे।

## बीएचयू में प्लूरा से डूरा तक सभी रोगों के विषय में विशेषज्ञ द्वारा ऑपरेशन एवं होगी चर्चा, 28 सितंबर को होगा उद्घाटन

**उजाला संचार/रोहित सेठ**

**वाराणसी।** बी एथ यू का नाक, कान, गला विभाग उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड मध्य प्रदेश समेत पूर्वांचल तथा देश के अन्य भागों सहित पड़ोसी देश नेपाल के मरीजों को लगातार बेहतर सेवाएं दे रहा है। इसके साथ साथ जूनियर डॉक्टर को सर्वोतम ट्रेनिग भी दे रहा है। शोध के मामले में यह देश का सर्वश्रेष्ठ विभागों में से एक है। अभी प्रोफेसर राजेश कुमार ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन प्रोफेसर विश्वंभर सिंह ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी), डॉक्टर सुशील कुमार। ऑर्गनाइजिंग को चेपरमैन, डॉक्टर सिवा सेल्वाराज ऑर्गनाइजिंग ट्रेजर) के देखरेख में तथा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के निर्देशक डॉक्टर एस एन संखवार,सर सुंदरतात हॉस्पिटल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर के के गुप्ता और बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के कुलपति सुधीर कुमार जैन के सहयोग से प्रदेश स्तर की कांफ्रेंस कर रहे है, जिसमें उत्तर प्रदेश एवं देश के करीब 20 राज्यों से 12 प्रमुख विशेषज्ञ तथा करीब 40 अन्य विशेषज्ञ और ३०० प्रतिभागी चिकित्सक हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण हुए हैं। इसके अलावा करीब 96 शोधपत्र पड़े जायेंगे। उत्तर प्रदेश तथा अन्य 20 राज्यों से मेडिकल कॉलेज



से चिकित्सक रहेंगे। यह कांफ्रेंस वाराणसी में 3 दिन तक चलेगी, जिसमे प्लूरा से द्वरा तक सभी रोगों के विषय में विशेषज्ञ द्वारा ऑपरेशान एवं चर्चा होगी। इसके साथ सात लाइफटाइम अचीवमेंट पुरुस्कार दिये जायेंगे। इसमें मुख्य विशेषज्ञ के तौर पर डॉक्टर टी एन जानकीराम तमिल नाडु से, डॉक्टर राजेया विश्वकर्मा गुजरात से, डॉक्टर राकेश श्रीवस्ता उत्तर प्रदेश से डॉक्टर जी की एस राय आंध्र प्रदेशा से डॉक्टर विनोद फेलिक्स केरला से, डॉक्टर ब्रजेंदर बसेर मध्य प्रदेश से, डॉक्टर कपिल सिक्का दिल्ली से, डॉक्टर विकास अग्रवाल महाराष्ट्र से डॉक्टर शिरीष बी धनी महापराडू से डॉक्टर अमित त्यागी ऐन्स ऋषिकेश से, डॉक्टर ओमबीर सिंह उत्तर प्रदेश से, डॉक्टर धर्मेंद्र गुप्ता उत्तर प्रदेश से इत्यादि एक्सपर्ट डॉक्टर रहेंगे। इसमें नई तकनीकी से ऑपरेशन देखने और सीखने को मिलेगा। इसमें आधुनिक तरीके से गले में थायराइड ग्रंथि के गांठ का ऑपरेशन, नाक का साइनस कान से सुनाई न देने का ऑपरेशन, नाक के रास्ते दिमाग का ऑपरेशन, कान की हड्डी के गलने का ऑपरेशन, लार की ग्रधि का बिना ऑपरेशान के इलाज, सांस की नली के सिकुड़ने का बिना चौरा के ऑपरेशन, टॉन्सिल और एडिनॉइड का आधुनिक विधि द्वारा ऑपरेशन इत्पादि होगा, दिखाया एवं सिखाया जायेगा। इसके साथ ही साथ कैडेकर (मृत शरीर में सीखने एवं प्रयोग करने का अवसर और शोध का कार्य किया जाएगा। देश के अलग अलग जगहों से आए हुए विशेषज्ञ कान, नाक, गला के तमाम प्रकार की बीमारियों पर बर्चा करेंगे। यह उत्तर प्रदेश की 41वीं कॉन्फ्रेंस है जो की इस साल वाराणसी में हो रही है। इससे पूर्वांचल तथा आस पास के मरीज जो बीएचयू में इलाज कराने आते हैं उनका लाभ मिलेगा, तथा देश विदेश के नई नई तकनीकी से उनका इलाज करने में सहयोग होगा। कुछ सहयोग क्डए के तहत भी है।

## राज्यपाल से पुरस्कृत छात्रों को जगतपुर इंटर कॉलेज में किया गया सम्मान




**रोहनिया।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के 46 वे दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल महोदया द्वारा जगतपुर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बिपिन चंद्र राय को सम्मानित करते हुए कॉलेज के विभिन्न प्रतियोगिताएं में सफल 6 छात्र/छात्राओं को भाषण, कविता लेखन, कहानी लेखन में पुरस्कार प्रदान किया गया । पुरस्कार प्राप्त छात्रों में कक्षा 7 के विनायक मणि त्रिपाठी,कक्षा 12 की अमृता पाण्डेय कक्षा 11 हीना मौर्य,कक्षा 10 की आराध्या और अंकुर विश्वकर्मा एवं



कक्षा 9 का छात्र नीरज रहे।जिसको लेकर जगतपुर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य,शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने पुरस्कृत छात्रों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया।

# 42 साल में पहली बार इतिहास रचतीं बेटियां

## दीक्षांत समारोह में 23 स्वर्ण पदक जीत बेटियों ने दिखाया कमाल, टुंपा राय ने रचा कीर्तिमान

**(शीतल निर्भीक उजाला संचार ब्यूरो)**

**वाराणसी।** संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय के 42वें दीक्षांत समारोह में इस बार का आयोजन न केवल शैक्षिक उपलब्धियों का जश्न था, बल्कि महिला सशक्तिकरण का भी प्रतीक बन गया।42 साल के इतिहास में पहली बार, आठ छात्राओं ने 23 स्वर्ण पदक जीतकर यह साबित कर दिया कि संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में भी महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। आचार्य की छात्रा टुंपा राय इस समारोह की सबसे बड़ी स्टार रहीं, जिन्होंने व्यक्तिगत रूप से सात स्वर्ण पदक अपने नाम किए और पूरे विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया।

**इतिहास के पन्नों में दर्ज हुआ खास समारोह**

राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में यह दीक्षांत समारोह ऐतिहासिक मुख्य भवन में आयोजित हुआ। समारोह की शुरूआत राज्यपाल की घोषणा के साथ हुई, जहां 13,733 छात्रों को शास्त्री, आचार्य और पीएचडी की उपाधियां दी गईं। इस वर्ष की खास बात यह थी कि सभी उपाधियां डिजीलॉकर पर अपलोड कर दी गईं, जिससे छात्रों को डिजिटल माध्यम से अपने प्रमाणपत्र प्राप्त हुए।

समारोह के दौरान, विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस का शिलान्यास भी राज्यपाल द्वारा किया गया। कुलपति प्रोफेसर बिहारी लाल शर्मा ने संस्कृत भाषा में अपना स्वागत भाषण देते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यहां जल्द ही शिक्षा शास्त्र विभाग की नई बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों के लिए और बेहतर शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

**संस्कृत में हुआ मंच संचालन, ? शुद्ध परंपरा का निर्वाह**

दीक्षांत समारोह की एक और खास बात यह रही कि पूरे कार्यक्रम का संचालन संस्कृत भाषा में किया गया। 17 विभागों के अध्यक्षों और छह डीन ने संस्कृत में ही मंच पर आकर अपने अधीन पीएचडी करने वाले छात्रों का परिचय दिया और उपाधि प्रदान की। इससे न केवल परंपरा का निर्वाह हुआ, बल्कि छात्रों में संस्कृत भाषा के प्रति आदर और गर्व का भी संचार हुआ।



**टुंपा राय बनीं सबसे बड़ी मेधावी**

इस समारोह में कुल 31 मेधावी विद्यार्थियों को 56 मेडल प्रदान किए गए, जिनमें 54 स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक शामिल थे। इस दीक्षांत समारोह की सबसे चर्चित शख्सियत रहीं टुंपा राय, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर कुल सात स्वर्ण पदक हासिल किए। यह पहला मौका था जब किसी छात्रा को इतने सारे पदक मिले हों। उनकी इस अद्वितीय सफलता ने उन्हें पूरे समारोह का केंद्रबिंदु बना दिया।

**राज्यपाल का महिला सशक्तिकरण पर जोर**

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि यह विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान और परंपराओं की धरोहर है, और यहां से निकलने वाले छात्र-छात्राएं न केवल प्राचीन शास्त्रों और वेदों का अध्ययन कर रहे हैं, बल्कि आधुनिक विश्व में इनका उपयोग कैसे किया जा सकता है, इस पर भी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस समारोह में छात्राओं की शानदार उपलब्धि, समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**संस्कृत शिक्षा का आधुनिकरण**

कुलपति प्रोफेसर बिहारी लाल शर्मा ने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय ने प्राचीन ग्रंथों और शास्त्रों की पढ़ाई को आधुनिक तरीके से प्रस्तुत करने पर विशेष ध्यान दिया है। यहां शोधार्थी उन ग्रंथों पर रिसर्च कर रहे हैं, जो हजारों साल पुराने हैं, लेकिन आज भी प्रासंगिक हैं। विश्वविद्यालय का उद्देश्य है कि इन शास्त्रों को न केवल संरक्षित किया जाए, बल्कि इन्हें आधुनिक संदर्भों में भी प्रस्तुत किया जाए।

**नई पीढ़ी के लिए आदर्श बनीं छात्राएं**

दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं के लिए यह दिन बेहद खास था, लेकिन खासतौर पर छात्राओं की अभूतपूर्व सफलता ने इस कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। आठ छात्राओं द्वारा 23 स्वर्ण पदक जीतना न केवल विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह समाज में महिलाओं की प्रगति और उनके बढ़ते आत्मविश्वास का प्रतीक भी है।

इस समारोह ने साबित कर दिया कि संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में भी महिलाएं अपने हुनर और समर्पण से नए आयाम स्थापित कर रही हैं। संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय का यह दीक्षांत समारोह उन सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा, जो शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करना चाहते हैं।

**उजाला संचार** - मुद्रक, प्रकाश, प्रधान संपादक **महेंद्र कुमार सोनकर** द्वारा मीडिया टेक्स्ट, प्रा.लि. गोबिंदपुर, जीटी रोड, रोहनिया (वाराणसी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। भिखारीपुर, बीएलडब्ल्यू, शहर वाराणसी, (उ.प्र.)। संपर्क : 0542-4059021, 9696104265, 9696104269
समाचार पत्र में प्रकाशित खबरों के लिए समस्त वाद वाराणसी न्यायाल के अधीन होंगे।